दैनिक
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित
वर्ष : 07 अंक : 201 | चूरू, मंगलवार 10 दिसम्बर, 2024 | RNI.No.RAJHIN/2018/76199 | मूल्य : 1.5 रुपए | पृष्ठ : 8+2
jaipurtimes.org | twitter.com/JaipurTimes2 | facebook.com/dainikjaipurtimes | youtube.com/c/JaipurTimes | instagram.com/jaipurtimesjt

न्यूज इनबॉक्स

## शीत लहर से राजस्थान में कड़ाके की ठंड

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी और ठंडी हवाओं के प्रभाव से राजस्थान में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। रेगिस्तानी जिलों बाड़मेर और जोधपुर में सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। बीकानेर और गंगानगर जैसे क्षेत्रों में दिन का तापमान औसत से 3-4 डिग्री तक नीचे चला गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार 9-10 दिसंबर से सर्द हवाओं के और तेज होने की संभावना है, जिससे तापमान में और गिरावट होगी। चूरू, सीकर, झुंझुनू और हनुमानगढ़ जिलों में शीतलहर का असर महसूस किया जा रहा है। रविवार को चूरू में न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यहां मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए बताया कि अगले कुछ दिनों में तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। जोधपुर में न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि बाड़मेर में यह 11.4 डिग्री दर्ज किया गया। इन जिलों में दिनभर ठंडी हवाएं चलने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट देखी गई। हिल स्टेशन माउंट आबू में सीजन का सबसे कम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंडी हवाओं के कारण दिन का तापमान भी 20 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। मौसम विभाग के अनुसार, 10-12 दिसंबर के बीच गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनू और सीकर जिलों में शीतलहर का असर रहेगा। जयपुर, बीकानेर, जोधपुर और नागौर जिलों में भी ठंडी हवाओं के कारण सुबह और शाम सर्दी का असर तेज रहेगा।

प्रदेश में प्रमुख शहरों के तापमान की बात करें तो जयपुर में अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री रहा, जोधपुर में 26.1 डिग्री और 7.8 डिग्री, गंगानगर में 23.8 डिग्री और 9.3 डिग्री और चूरू में 26.4 डिग्री अधिकतम और 7.3 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा।

## बीकानेर के संजय मल्होत्रा होंगे आरबीआई के गवर्नर

जयपुर टाइम्स




**बीकानेर(निस)।** राजस्थान कैडर के आईएएस संजय मल्होत्रा को केंद्रीय कैबिनेट कमेटी ने भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर नियुक्त कर दिया है। संजय मल्होत्रा राजस्थान कैडर के आईएएस होने के साथ राजस्थान के ही रहने वाले भी हैं। उनका होम टाउन बीकानेर है। राजस्थान से वे जनवरी 2020 में प्रतिनियुक्ति पर केंद्र में चले गए थे। यहां पहले ऊर्जा मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर तैनाती मिली। इसके बाद उनकी एंट्री सीधे वित्त मंत्रालय में हो गई। यहां वे राजस्व विभाग में सचिव के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे।

## राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का उद्घाटन



# आत्मनिर्भर भारत में राजस्थान का अहम स्थान: मोदी

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तारीफ में जमकर कसीदे गढ़े

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज हम ग्लोबल विजन और ग्लोबल इंपैक्ट पर काम करते हुए आत्मनिर्भर भारत के नए सफर पर चल चुके हैं। सरकार औद्योगिक प्रगति के लिए 'होल ऑफ गवर्नमेंट एप्रोच' पर समन्वित रूप से एक साथ काम करते हुए हर सेक्टर, हर फैक्टर को एक साथ बढ़ावा दे रही है। सबके प्रयास की इस भावना से ही हम सब मिलकर विकसित भारत और विकसित राजस्थान बनाएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को जयपुर स्थित जेईसीसी में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के भव्य उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत आज रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चलते हुए हर क्षेत्र में विकास कर रहा है, उसे लेकर दुनियाभर के निवेशकों में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि आजादी के 7 दशक बाद भी भारत दुनिया की 11वीं इकोनोमी था। लेकिन बीते 10 वर्षों में हमने 11वीं से 5वीं सबसे बड़ी इकोनोमी बनने का सफर तय किया है। इस दौरान हमारी अर्थव्यवस्था का आकार, कुल निर्यात और एफडीआई भी करीब दोगुना हो गया है। उन्होंने कहा कि हमने बीते दस साल में आधारभूत ढांचे पर खर्च भी करीब 2 ट्रिलियन से बढ़ाकर 11 ट्रिलियन रुपए तक पहुंचा दिया है।

### डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी, डेटा व डिलीवरी की ताकत देखेगी दुनिया:

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की सफलता में डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी, डिजिटल डेटा व डिलीवरी की पावर की अहम भूमिका है और आने वाले समय में दुनिया इनकी असली ताकत देखने वाली है। भारत जैसे विविधता भरे देश में डेमोक्रेसी का सशक्त होना अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। आज देश की जनता लोकतांत्रिक हक का प्रयोग करते हुए स्थायी सरकार के लिए वोट दे रही है। मोदी ने कहा कि आने वाले अनेक सालों तक भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में रहने वाला है और हमारे पास सबसे बड़ा स्किल्ड युवा वर्ग भी होगा। उन्होंने कहा कि यह सदी तकनीक एवं डेटा की सदी है और युवाशक्ति ने टेक पावर और डेटा पावर के नए आयाम जोड़ कर हमारे सामर्थ्य को बढ़ाने का काम किया है। बीते दशक में सरकार ने जो फैसले लिए हैं, उनकी बदौलत डिजिटिल इकोसिस्टम ने भारत में व्यापार-कारोबार के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। आज डिजिटल ट्रांजेक्शन्स में नए रिकॉर्ड बन रहे हैं और देश में इंटरनेट यूजर्स की संख्या करीब 4 गुणा बढ़ी है।

### राजस्थान के विकास से देश को भी मिलेगी नई ऊंचाई:

प्रधानमंत्री ने कहा कि क्षेत्रफल के हिसाब से तो राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है ही, राजस्थान के लोगों का दिल भी उतना ही बड़ा है। जब राजस्थान विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचेगा तो देश को भी नई ऊंचाई मिलेगी। यहां के लोगों का परिश्रम, ईमानदारी, कठिन से कठिन लक्ष्य को पाने की इच्छाशक्ति, राष्ट्र को सर्वोपरि रखने की भावना राजस्थान की मिट्टी के कण-कण में समाई है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद जो सरकारें आई उन्होंने न तो देश के विकास को प्राथमिकता पर रखा और ना ही देश की विरासत का ध्यान रखा। लेकिन आज हमारी सरकार विकास भी, विरासत भी के मंत्र पर चल रही है और इसका बहुत बड़ा लाभ राजस्थान को भी हो रहा है।

### मुख्यमंत्री भजन लाल की जमकर तारीफ

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जिस कुशलता और प्रतिबद्धता के साथ राजस्थान के तेज विकास में जुटे हैं, वो प्रशंसनीय है। आज राजस्थान में गरीब, किसान, युवाओं के कल्याण, सड़क, बिजली, पानी सहित हर प्रकार के विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। सरकार अपराध और भ्रष्टाचार नियंत्रण में जो तत्परता दिखा रही है, उससे नागरिकों और निवेशकों में नया उत्साह आया है।

### राजस्थान के 'आर फैक्टर' की सराहना

प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान के आर फैक्टर पर फोकस करते हुए कहा कि आज राजस्थान राइजिंग तो है ही, रिलायबल व रिसेप्टिप भी है और समय के साथ खुद को रिफाइन करना भी जानता है। उन्होंने बीते एक साल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के शानदार काम की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान के इस आर फैक्टर में अब यहां की रिस्पॉन्सिव और रिफॉर्मिस्ट सरकार का नया पहलू भी जुड़ चुका है।

### राजस्थान बनेगा निवेश का आकर्षक गंतव्य

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान के पास रोड से लेकर रेलवेज तक, हैंडलूम से लेकर हैंडीक्राफ्ट तक, फार्म से लेकर फोर्ट तक बहुत कुछ है।

प्राकृतिक संसाधनों के भंडार,समृद्ध विरासत, विस्तृत लैंडमास, आधुनिक कनेक्टिविटी नेटवर्क और समर्थ युवा शक्ति के कारण राजस्थान निवेश का आकर्षक गंतव्य है।

उन्होंने राजस्थान के मरुस्थलीय क्षेत्र में जैतून और जेट्रोपा की खेती, जयपुर की ब्लू पॉटरी, प्रतापगढ़ की थेवा ज्वेलरी, भीलवाड़ा के टेक्सटाइल, मकराना के मार्बल, कोटा डोरिया और नागौर की पान मेथी का जिक्र करते हुए कहा कि आज यहां की सरकार, हर जिले के सामर्थ्य को पहचानते हुए काम कर रही है।

### आत्मनिर्भर भारत की नींव रखने में राजस्थान का अहम योगदान

मोदी ने कहा कि राजस्थान, दिल्ली व मुंबई जैसे दो बड़े आर्थिक केन्द्रों और महाराष्ट्र व गुजरात के पोर्ट्स को उत्तर भारत से जोड़ता है। दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का बड़ा हिस्सा राजस्थान से गुजरता है।

राजस्थान में जिंक, लेड, कॉपर, मार्बल, लाइमस्टोन, ग्रेनाइट, पोटाश जैसे खनिजों के बड़े भंडार हैं। इस दशक के अंत तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को हासिल करने में राजस्थान बहुत बड़ी भूमिका निभा रहा है। इस तरह आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखने में राजस्थान का अहम योगदान है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकारें राजस्थान की वास्तविक क्षमताओं को सामने लाने के लिए कार्य कर रही हैं। पोर्ट्स और लॉजिस्टिक्स सेक्टर के लिए यहां अपार संभावनाओं को देखते हुए यहाँ मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क और लगभग दो दर्जन सेक्टर आधारित इंडस्ट्रियल पार्क बनाए जा रहे हैं। दो एयर कार्गो कॉम्पलेक्स का निर्माण भी हुआ है। इससे राजस्थान की इंडस्ट्रियल कनेक्टिविटी और बेहतर होगी।

## समिट में 'हर स्टोरी: एडवांसिंग इन्क्लूजिव सोसायटीज' सत्र




# राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए कृतसंकल्पित: भजनलाल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अगर महिलाएं आगे बढेंगी तो देश आगे बढ़ेगा। राज्य सरकार इस आधी आबादी के उत्थान तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। शर्मा सोमवार को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के सेशन 'हर स्टोरीजः एडवांसिंग इन्क्लूजिव सोसायटीज' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार इस देश में केवल चार जातियां हैं- महिला, किसान, युवा और मजदूर। उन्हीं की मंशानुसार हम महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। इसीलिए राइजिंग राजस्थान में महिलाओं के लिए हमने यह सत्र आयोजित किया है। इस सत्र में महिला वक्ताओं की सफलता की कहानियों से सभी महिलाएं प्रेरणा लेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 1 लाख 25 हजार छात्राओं को साइकिल वितरित की जाएंगी। साथ ही, 21 हजार बालिकाओं को स्कूटी वितरण भी किया जाएगा जिससे शिक्षा ग्रहण करने में उन्हें आसानी हो सके। राज्य सरकार की ओर से 13 दिसंबर को किसानों, 14 दिसंबर को महिलाओं और 15 दिसंबर को मजदूर कल्याण के लिए विभिन्न कार्यक्रमों व योजनाओं की शुरूआत की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में महिला निधि बैंक के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को 100 करोड़ रुपए का ऋण वितरण किया जाएगा। साथ ही, 1 लाख नवीन लखपति दीदी का सम्मान भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर 10 हजार स्वयं सहायता समूहों को 15 हजार रुपये प्रति समूह रिवॉल्विंग फंड का हस्तान्तरण, 1 लाख बच्चों को लाड़ो प्रोत्साहन योजना की पहली किस्त, 200 नमो ड्रोन दीदी का सम्मान सहित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक संबल दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने संकल्प पत्र में वादा किया था कि महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर देंगे और 1 जनवरी को हमने अपना वादा पूरा करते हुए महिलाओं को 450 रुपये में सिलेंडर दिए। इसी क्रम में अब राज्य सरकार का एक वर्ष पूरा होने पर 20 हजार महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि हम संकल्प पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि आपने राज्य सरकार के पहले ही वर्ष में राइजिंग राजस्थान समिट का आयोजन किया। यह राज्य में निवेशकों के लिए स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की धरा पर अमृतादेवी तथा पन्नाधाय जैसी महिलाएं पैदा हुई हैं, जो हम सभी की प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने निवेशकों से आग्रह किया कि वे उद्योग जगत में महिला उद्यमियों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है। इस अवसर पर महिला व बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने कहा कि राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं हैं तथा मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में हम राजस्थान को आर्थिक उन्नति की एक नई राह दिखा रहे हैं। सत्र में लेडी श्रीराम कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. श्वेतांशु भूषण ने विभिन्न वर्गों में ग्रामीण महिलाओं की स्थिति पर चर्चा की तथा ग्रामीण महिलाओं को समाज में बदलाव का गेमचेंजर बताया।

## सीएम भजनलाल ने राजनयिकों, उद्योगपति और निवेशकों से की मुलाकात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के पहले दिन राजनयिकों, देश -विदेश के उद्योगपतियों और निवेशकों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से समिट में पधारे जापान के राजदूत केइची ओनो, स्विट्जरलैंड की राजदूत माया तिसाफी, पोलैण्ड राजदूतावास की डिप्टी स्पीकर डोरोथा जियेदजिला के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। आईटीसी के सीएमडी संजीव पुरी ने भी मुख्यमंत्री से भेंट की। मुलाकात के दौरान शर्मा ने निवेशकों के साथ राजस्थान में



विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाओं के बारे में चर्चा की। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को राज्य में निवेश के लिए हर प्रकार की सुविधाएं, रियायतें और सहायता उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि निवेश प्रक्रिया को सरल बनाने और सिंगल विंडो प्रणाली के जरिए प्रक्रिया में लगने वाला समय कम किया गया है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में निवेश का अनुकूल माहौल बनाने के लिए दस नई नीतियां लागू की है।




# डेनमार्क के सहयोग से राजस्थान को मिलेगा जल प्रबंधन में नया दृष्टिकोण

जयपुर टाइम्स

**जयपुर।(कास)** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के पहले दिन डेनमार्क पर केंद्रित कंट्री सेशन में जल प्रबंधन, ऊर्जा दक्षता और औद्योगिक निवेश पर चर्चा हुई। जन स्वास्थ्य व अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि डेनमार्क की उन्नत जल प्रबंधन तकनीकों से राजस्थान को जल संकट का समाधान मिलेगा और राज्य विकसित भारत के लक्ष्य में अहम भूमिका निभाएगा।

सत्र में मंत्री चौधरी ने 'Water Management in Liveable Cities' की थीम पर डेनमार्क से साझेदारी का आह्वान किया। उन्होंने राजस्थान में जल वितरण और औद्योगिक निवेश के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विभाग के प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सावंत ने जल की कमी और फ्लोराइड जैसी चुनौतियों पर चर्चा करते हुए डेनमार्क से तकनीकी सहयोग का अनुरोध किया।

डेनमार्क के मंत्री सलाहकार सोरेन एन कानिक-मार्क्वार्डसन ने जल संकट से निपटने में डेनमार्क की सफलता की कहानी साझा की। उन्होंने राजस्थान में निवेश और साझेदारी के प्रति रुचि दिखाई।

सत्र में IIT जोधपुर के निदेशक प्रो. अविनाश अग्रवाल, रैंबोल इंडिया की राजनी धीमन, और कार्ल्सबर्ग इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट ऋषि चावला ने भी जल प्रबंधन और औद्योगिक अवसरों पर अपने विचार रखे। डेनमार्क के अन्य वक्ताओं ने पवन ऊर्जा, स्वास्थ्य क्षेत्र में सार्वजनिक-निजी भागीदारी और ऊर्जा दक्षता के महत्व पर चर्चा की। सत्र का समापन जन स्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त सचिव संदीप शर्मा ने डेनमार्क के सहयोग को राजस्थान की प्रगति का मील का पत्थर बताते हुए किया।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का सतत लाभ लेने के लिए 31 दिसम्बर तक करवाना होगा भौतिक सत्यापन

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निस)।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ ले रहे पेंशनर्स को 31 दिसंबर तक भौतिक सत्यापन करवाना अनिवार्य है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल डी पंवार ने बताया कि जिले में अब तक 50.07 प्रतिशत पेंशनर्स द्वारा वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाया गया है। उन्होंने बताया कि पेंशन नियमों के अनुसार समस्त पात्र पेंशनर्स को प्रत्येक वर्ष नवंबर और दिसंबर में वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाना अनिवार्य है। पेंशन लाभ सतत रूप से प्राप्त करने के लिए पेंशनर्स को 31 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से सत्यापन करवाना होगा ।इसके लिए पेंशन धारक ई मित्र अथवा राजीव गांधी सेवा केंद्र पर बायोमैट्रिक फिंगरप्रिंट इंप्रेशन के माध्यम से भौतिक सत्यापन करवा सकते हैं ।बायोमेट्रिक से वंचित रहे पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन आइरिस स्कैन से भी करवाया जा सकता है । उन्होंने बताया कि एंड्राइड मोबाइल ऐप के माध्यम से भी फेस रिकॉग्निशन के आधार पर वार्षिक भौतिक सत्यापन किया जा सकता है।

पंवार ने बताया कि किसी पेंशनर का वार्षिक भौतिक सत्यापन नहीं होने की स्थिति में यदि पेंशनर पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी (विकास अधिकारी/ उपखण्ड अधिकारी) के सामने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होता है, तो पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी पोर्टल पर लॉगइन कर संबंधित पेंशनर का पीपीओ नंबर दर्ज करने पर उस पेंशनर के रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के आधार पर भौतिक सत्यापन कर सकते हैं। यदि इस अवधि में (प्रतिवर्ष माह नवम्बर दिसम्बर में) किसी पेंशनर द्वारा जन आधार से जुड़ी किसी अन्य सरकारी योजना जैसे राशन, चिकित्सा बीमा लाभ बायोमैट्रिक के माध्यम से लिया गया है तो ऐसे पेंशनर को अलग से से भौतिक सत्यापन करवाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 2 लाख 60 हजार 909 पेंशनर्स है, जिनमें से अब तक 1 लाख 30 हजार 631 पात्र पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन करवाया गया।

## 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक के लिए शपथ आयुक्तों की नियुक्ति हेतु प्रार्थना पत्र आमंत्रित

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निस)।** बीकानेर जिला मुख्यालय, उपखंड मुख्यालयों , तहसील व उप तहसील मुख्यालयों पर स्थित राजस्व न्यायालयों हेतु शपथ आयुक्तों की नियुक्ति हेतु प्रार्थना पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि राजस्व मंडल राजस्थान (शपथ आयुक्त नियुक्ति) नियम 1970 के नियम 4 के अनुसार 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक के लिए शपथ आयुक्त की नियुक्ति हेतु प्रार्थना पत्र मांगे गए हैं । प्रार्थना पत्र जिला मुख्यालय पर उपविधि परामर्श कार्यालय जिला कलेक्टर अथवा अध्यक्ष बार एसोसिएशन बीकानेर तथा उपखंड क्षेत्र के लिए संबंधित कार्यालय उपखंड अधिकारी को 26 दिसंबर 2024 तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं ।प्रार्थना पत्र में अधिवक्ता का स्पष्ट नाम, जन्म तिथि, एनरोलमेंट नंबर और जिस मुख्यालय पर शपथ आयुक्त बनना चाहते हैं उस मुख्यालय का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना आवश्यक है। साथ ही प्रार्थना पत्र के साथ एनरोलमेंट नंबर की फोटो प्रति लगाना अनिवार्य है। अपूर्ण और अंतिम तिथि 26 दिसंबर 2024 के बाद प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों को निरस्त किया जा सकता है।

## राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का उद्घाटन सत्र, रवींद्र रंगमंच पर हुआ सीधा प्रसारण

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर,(निस)** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जयपुर में 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित केंद्रीय और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, पांच हजार से अधिक निवेशक, कारोबार और व्यापार जगत के प्रतिनिधि, डेलीगेट्स और अन्य प्रतिभागी मौजूद रहे।



राज्य स्तरीय राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट

## जिले के उद्योगपतियों और अधिकारियों ने वीसी के माध्यम से लिया भाग

जयपुर टाइम्स

**खैरथल(निस)।** जयपुर में आयोजित राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के उद्घाटन समारोह का लाइव प्रसारण भिवाड़ी के एमएसएमई सेंटर में किया गया।

समारोह में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने अपने वक्तव्य से प्रदेश में राईजिंग राजस्थान के अन्तर्गत एमओयू करने वाले विभिन्न उद्योगपतियों तथा उद्यमियों का धन्यवाद करने के साथ-साथ राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाने का अनिवार्य संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने उपस्थित उद्यमियों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा भिवाड़ी क्षेत्र राजस्थान के औद्योगिक मानचित्र पर अपनी विशेष पहचान बना रहे हैं। हमें इस क्षेत्र को और अधिक उन्नति की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध रहना होगा। यह समिट हमारी सोच को नई दिशा और उद्योगों के विकास को नई गति देगा। जिले में औद्योगिक विकास के लिए हरसंभव सहायता और प्रोत्साहन दिया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से जिले में निवेशकों के लिए एक सकारात्मक माहौल तैयार हुआ है, और यह क्षेत्र देश के प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में उभरेगा।

वीसी के माध्यम से उपस्थित उद्योगपतियों ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत योजनाओं और अवसरों की सराहना की। उन्होंने राजस्थान को एक अग्रणी औद्योगिक राज्य बनाने का संकल्प लिया।


कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाड़ी अश्विन के पंवार, खुशखेड़ा कारौली इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप दायमा और बड़ी संख्या में उद्योगपति एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## ओह तो ऐसे होती है जलदाय विभाग की किसी-किसी पर मेहरबानी!

जयपुर टाइम्स


**अलवर(निस)।** शहर में कही तो पानी का संकट इतना खराब है कि लोग पानी के लिए जाम तक लगाने चल देते हैं ओर दूसरी तरफ जलदाय विभाग की किसी पर ऐसी मेहरबानी हो जाती है कि किसी को पानी मिले को तरसे ओर कोई घर बैठे पानी की मौजा ही मौजा ले। अब इस संबंध में जब जलदाय विभाग को शिकायत की तो विभाग तो वैसे ही आश्वासन देने में माहिर है।

आरोप लगाया गया कि नयाबास के समीप की गई बोरिंग से दो पाइप लाइन कैसे डाली गई ओर किसके



या नहीं लेकिन चहेते को तो पानी मिलता ही है ओर वो भी भरपूर पानी। जी हां यह मामला नयाबास चौराहे समीप ही देखने में आया कि वहां एक बोरिंग जलदाय विभाग की तरफ से कराई गई ओर दूसरी तरफ पानी की पाइप लाइन एक पानी की टंकी में तो दूसरी किसी चहेते के घर में फिट करा दी गई। अब देखने वालों को तो परेशानी होनी ही है कि कोई तो पानी यहां डाली तो विभागीय अधिकारी सकते में तो आए लेकिन चहेता भी दबंग। अब ऐसे में शिकायत पर हटाने का आश्वासन दिया गया लेकिन आश्वासन बस आश्वासन तक ही रह गया। खुले में देखते हुए भी विभाग चुप्पी साधे है तो कुछ तो दाल में काला है जो यह सब हो गया। अब देखना ये है कि आगे विभाग क्या कार्रवाई करता है।

## समझाइश और चालान की कार्रवाई के साथ नगर निगम दे रहा है स्वच्छता का संदेश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस)।** नगर निगम की टीम ने सोमवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए गंदगी फैलाने वाले कई दुकानदारों का चालान काटा। इस दौरान एनईबी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पांच दुकानदारों से 1000 का चालान वसूला गया। साथ ही दुकानदारों को नियमित रूप से साफ सफाई रखने और गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डालने के लिए समझाइश की गई। इससे पहले पिछले सप्ताह नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए अनेक स्थानों से चालान के रूप में 22800 रुपए की राशि वसूल की गई।

नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि शहर में विभिन्न स्थानों पर चालान की कार्रवाई के साथ-साथ दुकानदारों और आमजन को समझाया भी जा रहा है कि पर्याप्त मात्रा में डस्टबिन का उपयोग करें और गीले सूखे कचरे को नगर निगम के ऑटो टिपर में अलग अलग कर डालें। साथ ही आयुक्त नरूका ने कहा कि पॉलिथीन पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक है इसलिए पर्यावरण के महत्व को समझते हुए आमजन पॉलिथीन का उपयोग नहीं करें और इसके स्थान पर कपड़े अथवा जूट से बने थैलों का उपयोग करें ताकि पर्यावरण सुरक्षित रह सके।

नाला सफाई कार्य का किया निरीक्षण- नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने सोमवार को रोड नंबर दो पर नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने संबंधित जमादार और सफाई कर्मचारियों को सफाई संबंधी दिशा निर्देश दिए और कहा कि सफाई कार्य की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।



## सेवाभाव में 351 महिलाओं को किए कंबल, साड़ी और शॉल वितरित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस)।** खान चंद चिमनी बाई हजरती स्मृति ट्रस्ट की ओर से सोमवार को पुरुषार्थी धर्मशाला में 351 महिलाओं को गर्म शॉल, कंबल और साडियां वितरित की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला कार्यवाहक डॉकटर के. के. गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथि नगर निगम के पूर्व चेयरमैन अशोक खन्ना, समाज सेवी अशोक तनेजा, गणपति महोत्सव समिति के अध्यक्ष अविनाश गुप्ता, मंत्री रवि गुप्ता, सतीश भाटिया, अनिल चौधरी और चरण जीत सुनेजा रहे। मुख्य ट्रस्टी दौलत राम हजरती ने बताया कि ट्रस्ट बीते 25 सालों से गर्म कपड़े का वितरण कर रहा है और इसके अतिरिक्त बहुत से सेवा भावी कार्य किए जाते हैं। इस अवसर पर सेवा कार्यों के लिए सोनिका अरोड़ा, रेणु, गुरप्रीत सिंह पवित्र और कमला यादव को सम्मानित किया। अंत में शिक्षाविद जी. डी. मेहंदीरता ने ट्रस्ट की ओर से आभार जताया। कार्यक्रम में गिराज बाली, मनोहर झाम, राजेंद्र आहूजा, विनोद नरूला और गिज्जा ने अतिथियों का स्वागत किया।



फ्रेशर पार्टी कार्यक्रम 'रूबरू- 2024' का आयोजन

## एम.एससी पूर्वार्द्ध की छात्राओं का किया स्वागत व अभिमुखीकरण

**कोटपूतली(निस)।** डाबला रोड़ स्थित पाना देवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविधालय में सोमवार को रसायन शास्त्र विभाग द्वारा नव प्रवेशित एम.एससी पूर्वार्द्ध की छात्राओं का स्वागत, अभिमुखीकरण व फ्रेशर पार्टी कार्यक्रम रूबरू- 2024 का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य डॉ. आर. पी. गुर्जर ने छात्राओं को बताया कि निडर होकर अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए हरसंभव कार्य जी जान लगाकर करना चाहिये। उन्होंने छात्राओं को भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर सभी अवसर को उपलब्धि में परिवर्तित करने के लिये प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. भावना चौधरी ने छात्राओं को रसायन शास्त्र का अपने जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रताप सिंह व प्रीति गुप्ता द्वारा रसायन शास्त्र की छात्राओं को वर्तमान में विषय की उपयोगिता के बारे में बताया गया। प्रो. बिशम्भर दयाल ने महाविद्यालय में हुये नवाचारों की चर्चा करते हुये महाविद्यालय की छात्राओं को कर्मरत्त रहने की प्रेरणा दी। छात्राओं द्वारा एकल गीत, लोक नृत्य, समूह गीत आदि कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में मिश फ्रेशर छात्रा मनीषा कुमारी रही एवं मिश रनरअप छात्रा मुस्कान सैनी रही। मंच संचालन छात्रा प्रियंका, प्रिया एवं आरती ने किया। इस दौरान महाविधालय स्टॉफ एवं छात्रायें मौजूद रही।

## जागरुकता शिविर का आयोजन शुक्रवार को

**जैसलमेर(निस)।** जिले में विधायक एवं एनएसकेएफडीसी नई दिल्ली तथा निगम मुख्यालय जयपुर के अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वर्ग वित्त एवं विकास निगम नई दिल्ली के सौजन्य से शुक्रवार, 13 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डी.आर.डी.ए. सभागार में एक दिवसीय जागरुकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। परियोजना प्रबन्धक, जैसलमेर कुम्पसिंह ने बताया कि इस शिविर के दौरान अनुसूचित जाति वर्ग, अनुसूचित जनजाति वर्ग, सफाईकर्मी/स्वच्छकार वर्ग, विशेष योग्यजन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के ऋण आवेदन-पत्र ऑनलाईन भरवाए जाएगें एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने इस शिविर के अवसर पर अधिक से अधिक आशार्थियों को ऋण के लिए आवेदन करने के लिए कहा गया है।

प्रकृति की चुनौती को स्वीकार कर बदली तकदीर . . . . . . . .

# कठोर परिश्रम व समर्पण से सफलता के शिखर पर बानसूर का अंकित

- 10 वें एशिया पेसिफिक डीफ गेम्स 2024 में प्राप्त किया कांस्य पदक
- देश व प्रदेश ही नहीं बल्कि दुनिया भर में लहराया कोटपूतली-बहरोड़ जिले का परचम





जयपुर टाइम्स

कोटपूतली। (मयंक सत्यदेव शर्मा) कहते है कि अगर मनुष्य किसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ईमानदारी पूर्वक कठोर परिश्रम, लगन के साथ समर्पित रहकर प्रयास करें तो प्रकृति रूपी ईश्वर भी उसे सफलता दिलवाने में सहयोग करते है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है, कोटपूतली-बहरोड़ जिले की तहसील बानसूर क्षेत्र की ग्राम पंचायत बबेरा के चौढ़ानियां निवासी युवा पहलवान अंकित गुर्जर (24) ने, जिन्होंने प्रकृति प्रदत्त विषमताओं से लडकर अपने गुरू कुश्ती कोच कृष्ण पहलवान के मार्गदर्शन में बानसूर ही नहीं बल्कि कोटपूतली-बहरोड़ जिले समेत देश व प्रदेश एवं अपने माता-पिता, परिवार, समाज व गांव का नाम दुनिया भर में रोशन किया है।

अंकित ने विगत 01 से 07 दिसम्बर तक मलेशिया की राजधानी कुवालालाम्पुर में आयोजित हुये 10 वें एशिया पेसिफिक डीफ गेम्स 2024 की कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया है।

उक्त आयोजन भारत सरकार के खेल मंत्रालय, स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इण्डिया (साई) समेत अन्य संस्थाओं के सहयोग से करवाया गया था। अंकित फरवरी 2021 में गुजरात के नांदीयाड़-खेड़ा जिले में ऑल इण्डिया स्पोर्ट्स काउंसिल ऑफ दा डीफ (मुक बधिर) के द्वारा ऑल गुजरात स्पोर्ट्स काउंसिल ऑफ दा डीफ, अहमदाबाद के तत्वाधान में आयोजित भारतीय टीम के नेशनल रेसलिंग सलेक्शन ट्रॉयल में चयनित होकर 30 मई से 5 जुन 2021 तक तुर्की में आयोजित होने वाली चतुर्थ वर्ल्ड डीफ कैडेट रेसलिंग चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व भी कर चुके है।

**प्रकृति की चुनौतियों का किया सामना :** अंकित के गुरू कोच कृष्ण पहलवान ने बताया कि एक साधारण किसान परिवार से आने वाले अंकित ने सफलता के रास्ते में प्रकृति व भाग्य दोनों की ही चुनौतियों का सामना किया है। जहाँ वो जन्म से ही मुक बधिर है। वहीं उसके पिता का भी 05 वर्ष पूर्व देहावसान हो चुका है। बावजुद इसके अंकित पूरी लगन व मेहनत के बल पर आज इस मुकाम पर है। इस सफलता को अर्जित करने के लिए उसने अपने सतत् संघर्ष व बुलंद हौंसले को निरन्तर बनाये रखा। जिसके लिए प्रतिदिन घण्टों पसीना बहाकर प्रतियोगिता की तैयारी में जुटा रहा।

**तु मेरे बेटे को पहलवान बना दे** – प्रैस से बातचीत करते हुए कोच कृष्ण पहलवान ने बेहद भावनात्मक शब्दों में अंकित के पिता स्व. लालाराम को याद किया। उन्होंने बताया कि स्व. लालाराम ने अंकित को कोचिंग के लिए मुझे सौंपते हुए कहा था कि कृष्ण पहलवान जी मेरी यह इच्छा है कि मैं रहूँ या ना रहूँ पर तु मेरे बेटे को नामी पहलवान बना दें। जिसके बाद कोच कृष्ण पहलवान ने भी अंकित को सफलता की बुलंदियों पर पहुँचाने की ठान ली। जिसके बाद प्रदेश के खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में बानसूर के काली माता रोड़ पर संचालित निशुल्क कुश्ती प्रशिक्षण केन्द्र श्री बालाजी स्पोर्ट्स एण्ड एज्युकेशन वेलफेयर सोसायटी में वह लगातार अपने कोच कृष्ण पहलवान के निर्देशन में लगातार अभ्यासरत रहा। जहाँ अंकित ने प्रशिक्षण प्राप्त कर यह सफलता अर्जित की है। अंकित की सफलता पर राजकुमार, बलराम, बले देवसन, रमेश शर्मा, राकेश यादव, सुभाष लोयती, संदीप अग्रवाल, विजय पहलवान, अशोक बाछड़ा आदि ने मिठाई बांटकर व पटाखे छोडकर हर्ष व्यक्त किया। अंकित का अपने गांव आने पर भव्य स्वागत भी किया जायेगा।

**कर्नल राठौड़ का भी रहा पूरा समर्थन** – कोच कृष्ण पहलवान ने बताया कि अंकित समेत सभी युवा खिलाड़ियों, पहलवानों एवं प्रतिभाओं की तैयारी व सफलता में प्रदेश के खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का भी पूरा समर्थन व सहयोग रहा है। जिन्होंने ना केवल खिलाड़ियों के लिए मैट व अन्य जरूरी सुविधायें उपलब्ध करवाई बल्कि समय-समय पर खिलाड़ियों की तैयारियों का भी जायजा लिया। कर्नल राठौड़ स्वयं भी एक खिलाड़ी है। जिनका खेल व खिलाड़ियों को हमेशा सहयोग व मार्गदर्शन रहता है। उक्त एकेडमी में भी 50-60 पहलवान प्रतिदिन अभ्यास कर अपने कैरियर की ओर ध्यान केन्द्रित किये हुये है, जहाँ राजस्थान राज्य क्रिड़ा परिषद द्वारा नियुक्त एनआईएस कुश्ती कोच बालकृष्ण छावड़ी व संदीप गुर्जर की निगरानी में पहलवान प्रतिदिन अभ्यास कर रहे है। कोच कृष्ण पहलवान ने इसके लिए भी कर्नल राठौड़ का आभार व धन्यवाद् भी ज्ञापित किया है।

राजधानी जयपुर टाइम्स

चूरू, मंगलवार
10 दिसम्बर, 2024

## राइजिंग राजस्थान समिट

# पहले दिन के कंट्री सेशन में निवेश पर चर्चा, जापान-राजस्थान साझेदारी होगी और मजबूत




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के पहले दिन जापान पर केंद्रित कंट्री सेशन में वर्सेटिलिटी ऑफ इंडस्ट्रीज-मैन्युफैक्चरिंग एंड बियोंड विषय पर चर्चा हुई। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि राजस्थान और जापान के संबंध करीब डेढ़ दशक पुराने हैं। नीमराना में जापानी कंपनियों ने सफल निवेश किया है और राज्य सरकार नए डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर बनाकर निवेश के लिए बेहतर माहौल तैयार कर रही है।

जयपुर विकास प्राधिकरण की आयुक्त आनंदी ने बताया कि जापानी कंपनियों के लिए इंडस्ट्रियल पार्क और डेडीकेटेड कोरिडोर जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। उन्होंने रोबोटिक्स और पेट्रोकेमिकल्स में जापान के सहयोग को राज्य के लिए उपयोगी बताया।

भारत में जापान के राजदूत किची ओनो ने कहा कि राजस्थान में जापानी कंपनियां रिन्यूएबल एनर्जी और रोबोटिक्स में निवेश करेंगी। सोलर ऊर्जा क्षेत्र में भी प्रदेश को निवेश का बड़ा केंद्र बताया। एमपिन एनर्जी के पिनाकी भट्टाचार्य और कैंडी सोलर के निशांत सूद ने अपने विचार और सुझाव साझा किए। इन्वेस्ट इंडिया की निवृति रॉय और जेट्रो के तकाशी सुजुकी ने अनुभव बताए। सेशन का संचालन अभिनव बांठिया ने किया।



# राइजिंग राजस्थान समिट में रूमादेवी ने ग्रामीण विकास और हस्तशिल्प उद्योग पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** जयपुर में आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के पहले दिन बाड़मेर की प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता और फैशन डिजाइनर डॉ. रूमादेवी ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में हुआ। रूमादेवी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ मंच साझा करते हुए ग्रामीण विकास और हस्तशिल्प उद्योग को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

रूमादेवी ने कहा, यह समिट रोजगार और समृद्धि के नए आयाम स्थापित करेगा और राजस्थान की प्रगति में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने हर स्टोरी समावेशी समाज थीम पर अपने अनुभव साझा किए और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निंबाराम, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, और अन्य प्रमुख नेताओं व निवेशकों से मुलाकात की। उनकी भागीदारी ने राज्य की पारंपरिक कला और संस्कृति को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

राइजिंग राजस्थान समिट ने निवेश और विकास के लिए नए अवसरों की संभावनाओं को उजागर किया है, जिससे राजस्थान में रोजगार और समृद्धि की नई राहें खुलेंगी।

# स्पीकर देवनानी से पोलैंड की डिप्टी स्पीकर नीडजिला की मुलाकात



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और पोलैंड की डिप्टी स्पीकर डोरोटा नीडजिला के बीच सोमवार को ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट राइजिंग राजस्थान के दौरान महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इस बैठक में संसदीय प्रणाली, परंपराओं और समितियों के कार्य संचालन पर विचार-विमर्श हुआ। देवनानी ने पोलैंड के संसदीय दल का राजस्थान में स्वागत करते हुए उन्हें राजस्थान विधानसभा की प्रतिकृति भेंट की। उन्होंने पोलैंड के संसदीय कार्यों, समितियों और उनकी भूमिका के बारे में जानकारी साझा की, जबकि नीडजिला ने पोलैंड की संसद की कार्यप्रणाली और सदस्यों की संख्या पर चर्चा की। इस संवाद ने न केवल संसदीय अनुभवों का आदान-प्रदान किया, बल्कि निवेश, परंपरा और विरासत पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग के नए अवसर भी प्रदान किए। देवनानी ने राजस्थान की विशालता, प्राकृतिक संसाधनों और औद्योगिक विकास की संभावनाओं को रेखांकित किया। पोलैंड के संसदीय दल में शामिल सदस्यों और राजस्थान विधानसभा के विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा की उपस्थिति ने इस बातचीत को और अधिक प्रभावी बनाया।

# किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें: सांसद बेनीवाल



जयपुर टाइम्स

**रावतसर(निसं.)।** जिला विद्युत समिति की प्रथम बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट कांफ्रेंस हॉल में सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में केंद्र पोषित आरडीएसएस, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, और कुसुम ए एवं कुसुम सी योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। सांसद बेनीवाल ने अधिकारियों को किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, खराब और नए कृषि ट्रांसफार्मरों को प्राथमिकता से बदलने, और लंबित घरेलू व कृषि कनेक्शनों को जल्द जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य की विद्युत मांग को देखते हुए 33 केवी, 132 केवी, और 220 केवी ग्रिड सब स्टेशनों के प्रस्ताव तैयार किए जाएं। बैठक में जिला कलेक्टर टीना डाबी ने डिस्कॉम अधिकारियों को लंबित आवेदनों पर तेजी से कार्रवाई कर आगामी बैठक तक प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता अशोक मीना ने आरडीएसएस योजना के तहत 33/11 केवी सब स्टेशनों और फीडर बाईफर्केशन कार्यों की स्थिति की जानकारी दी।

उन्होंने जुनेजो की बस्ती सब स्टेशन को शीघ्र चार्ज करने और लंबित कनेक्शन जल्द जारी करने का आश्वासन दिया।

सांसद ने विद्युत तंत्र में सुधार के लिए गुणवत्ता और जवाबदेही पर जोर दिया। वहीं, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली और कुसुम योजनाओं की प्रगति और सब्सिडी की जानकारी दी गई। जिला कलेक्टर ने योजनाओं के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बीडीओ और एसडीएम स्तर पर सख्त निगरानी के निर्देश दिए। बैठक में डिस्कॉम और गिरल के अभियंता, सहायक अभियंता, और अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# रोहित गोदारा के फिरौती मांगने के मामले में कुचामन के बाजार रहे बंद

## पाँच व्यापारियों से करोड़ों की फिरोती माँगने वाले आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग

## मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को सोपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(कासं.)।** कुचामन शहर में रोहित गोदारा के द्वारा पांच व्यापारियों से फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।अब इन आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को कुचामन शहर के बाजार पूर्णतया बंद रहे हैं। बाजार बंद के साथ में ही एक ज्ञापन व्यापारियों ने उपखंड अधिकारी को राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम उचित कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर सोपा गया है।

ज्ञापन में बताया कि कुचामन में 28 से 30 नवम्बर तक अलग-अलग पाँच व्यापारियों से लॉरेंस विश्नोई गैंग के रोहित गोदारा की तरफ से व्हाट्सअप कॉल व वाईस मैसेज के द्वारा करोडो रूपये की फिरोती माँगी गई। इस प्रकरण में कुचामन के खान मोहल्ला निवासी शफीक खान पुत्र हाकम अली खान, सरफराज खान पुत्र अजीज खान, शोयब खान पुत्र आबिद खान, फहीम पठान पुत्र इरफान पठान बदमाश संलिप्त मिले है। जिन्हें पुलिस प्रशासन की गहन जाँच पडताल के बाद गुजरात के अहमदाबाद पुलिस को इनपुट देकर मुम्बई भागते समय पकड़ा गया है। पकडे गये आरोपियों में 1993 मुम्बई ब्लास्ट में भी संलिप्त रहे है। कुचामन में सटटे का कारोबार करते है। और पहले भी फिरोती की कार्यवाही में संलिप्त रहे है। आरोपियों द्वारा अवैध तरीके से अनैतिक व्यापार एवं गलत तरीके से अर्जित की गई। आय से खान मौहल्ला शमशान भूमि पर अवैध रूप से मकान बनाया गया है एवं डीडवाना रोड प्रेरणा टावर पर जी-क्लब पर रूफटोफ रेस्टोरेण्ट की आड में नशा अनैतिक गतिविधियाँ एवं शहर में अन्य जगहों पर भी अवैध निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही इन अपराधियों द्वारा गोल्ड की तश्करी भी की जाती है गोल्ड तश्करी में इनकी गैग द्वारा तश्करों को संरक्षण देकर भी गोल्ड तश्करी को अंजाम दिया जाता है। आरोपी शफीक खान ने कुचामन के मुख्य बाजार में स्थित जे के प्लाजा के टॉप फ्लोर पर अवैध निर्माण कर जिम का संचालन किया गया है। अनैतिक गतिविधियों संचालित की जा रही है। इस जगह से शहर के व्यापारियों एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों के विरूध षड्यंत्र कर अपराध को अंजाम दिया जाता है। इन अपराधियों ने कुचामन शहर एवं राजस्थान में अपना बडा नेटवर्क स्थापित कर अन्य युवा अपराधियों को भी नशा एवं अपराध में संलिप्तं कर रखा है। इन सभी आरोपियों के खिलाफ शख्त कार्यवाही की जायें एवं जिन व्यापारियों को धमकियाँ दी गई है उन्हें सुरक्षा दी जाए एवं इन आरोपियों द्वारा अनैतिक व्यापार और गलत तरीके से अर्जित की गई सम्पतियों को राजहक में लिया जावे एवं आरोपियों द्वारा किये गये अवैध निर्माण कार्यों को तुरन्त प्रभाव से हटवाया जावें।

# कुचामन सिटी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(कासं.)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के तहत परियोजना से होने वाले फायदे विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार जैन के निर्देशन और अधिशाषी अभियंता राजकुमार मीना के सहयोग से आयोजित हुआ।

सामाजिक विकास विशेषज्ञ देवेंद्र सिंह ने नई जलप्रदाय योजना के लाभ बताते हुए कहा कि इससे शहरवासियों को पर्याप्त मात्रा में मीटरयुक्त और प्रेशरयुक्त पानी मिलेगा। उन्होंने जल संरक्षण की अपील करते हुए कहा कि पानी बर्बाद न करें और इसे बचाने के लिए छोटी-छोटी आदतें अपनाएं, जैसे नल बंद रखना और बाल्टी का उपयोग करना। कैप की सविता शर्मा ने सीवरेज लाइन के लाभ समझाते हुए कहा कि इससे गंदगी और बीमारियों में कमी आएगी। सीवरेज लाइन से घरों के टॉयलेट, रसोई और बाथरूम जोड़े जाएंगे, जिससे शहर स्वच्छ और सुंदर बनेगा।

स्थानीय संवेदक एलएंडटी के किशन सिंह सहित नागरिकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

# आयुर्वेद विभाग सवाई माधोपुर द्वारा तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** आयुर्वेद विभाग सवाई माधोपुर के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. विजय शंकर बैरवा ने बताया कि जिले में तृतीय चरण में चयनित आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष के परिक्षेत्र में कार्यरत आशा, एएनएम, आयुर्वेद नर्स, कंपाउंडर का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम फूल उत्कृष्टता केंद्र, सवाई माधोपुर में प्रारम्भ हुआ।प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कैलाशचंद्र सोनी ने किया।

उन्होंने बताया कि चिकित्सा विभाग की आशा, एएनएम आयुर्वेद विभाग से समन्वय कर सर्वे और स्क्रीनिंग का कार्य करें। साथ ही गैर संक्रामक रोग बीपी, डायबिटीज, कैंसर, हृदरोग की पहचान करके उन्हें आहार विहार की जानकारी प्रदान करेंउपनिदेशक डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के पश्चात सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर क्रियाशील हो जाएंगे। साथ ही वहाँ पर लैब, योग, प्रकृति परीक्षण, एनसीडी रोगों, आहार विहार, रैफरल सहित विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में गोवर्धन गुप्ता, भूपेंद्र पांडेय, प्रीति पवार का सहयोग रहा।

## संपादकीय .....

# राहुल गांधी लड़ते क्यों नहीं हैं ?

2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों द्वारा बनाया गया इंडिया गठबंधन अब बिखरता हुआ नजर आने लगा है। लोकसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी की पार्टी भाजपा का रथ 240 पर रोकने से उत्साहित विपक्षी दल के नेता ही नहीं बल्कि उनके नेता और कार्यकर्ताओं तक को लगने लगा था कि यह सरकार अब पहले की तरह अड़ कर काम नहीं पाएगी।

लेकिन हर गुजरते महीने के साथ ही विपक्षी नेताओं का यह भ्रम टूटता हुआ सा नजर आने लगा है। लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत दिलाकर राहुल गांधी ने अपने नेतृत्व को जिस अंदाज में स्थापित करने की शुरुआत की थी, वह विश्वास भी अब दरकता हुआ नजर आ रहा है। राहुल गांधी और कांग्रेस के नेतृत्व को अप्रत्यक्ष तरीके से स्वीकार कर लेने वाले अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे और तेजस्वी यादव जैसे नेताओं के विचार भी अब बदलते हुए नजर आने लगे हैं।

लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद राहुल गांधी के नेतृत्व को लेकर जो स्वीकार्यता बढ़ती हुई नजर आने लगी थी, उसे हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों ने पूरी तरह से चकनाचूर कर दिया है।

झारखंड में विपक्षी इंडिया गठबंधन को फिर से सरकार बनाने में कामयाबी तो मिल गई है लेकिन इसका पूरा श्रेय जेएमएम नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जा रहा है। लेकिन महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी गठबंधन को मिली हार का ठीकरा एक तरह से राहुल गांधी पर ही फोड़ा जा रहा है जबकि इस गठबंधन में महाराष्ट्र की राजनीति के दिग्गज नेता माने जाने वाले शरद पवार और बालासाहेब ठाकरे की विरासत पर दावा करने वाले उद्धव ठाकरे भी शामिल हैं।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के सहयोगी जो बातें दबी जुबान में कह रहे थे, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद वही बातें खुल कर कहने लगे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने खुल कर इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने की अपनी इच्छा जाहिर कर दी है। इससे पहले उन्ही की पार्टी के सांसद कल्याण बनर्जी राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए यह कह चुके हैं कि कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है, कांग्रेस ने अपने परफॉर्मेंस से इंडिया गठबंधन को निराश कर दिया है। कल्याण बनर्जी तो यहां तक बोल गए कि कांग्रेस को अपना अहंकार त्याग कर ममता बनर्जी को अपना नेता मान लेना चाहिए। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी कई बार इशारों-इशारों में और कई बार खुलकर कांग्रेस के रवैये पर सवाल उठा चुके हैं। उनके चाचा रामगोपाल यादव ने तो राहुल गांधी पर खुलकर हमला बोलते हुए यहां तक कह दिया कि वे इंडिया गठबंधन के नेता नहीं हैं। उद्धव ठाकरे, पहले से ही राहुल गांधी से नाराज हैं कि अपने वादे के मुताबिक कांग्रेस नेता ने विधानसभा चुनाव के समय उन्हें महाविकास अघाड़ी की तरफ से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया।

# आखिर 'सम्राट चौधरी' के सियासी उभार से हाशिए पर क्यों चले गए तेजस्वी

बिहार की प्रमुख विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के लुढ़कते जनाधार से %सेक्यूलर सियासतदान% परेशान हैं। उनकी चिंता है कि भाजपा ने बिहार के युवा नेता और मौजूदा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर दांव क्या लगाया, तेजस्वी यादव जितनी तेजी से उभरे थे, उससे भी तेज गति से हाशिए पर जाते प्रतीत हो रहे हैं! कोई इसे कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और भाकपा माले की सियासी शोहबत का साइड इफेक्ट्स करार दे रहा है तो कोई इसे यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा जैसे नेताओं से जारी सियासी लुकाछिपी का असर करार दे रहा है।

जबकि राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि लालू प्रसाद की तरह ही तेजस्वी यादव की मुस्लिम परस्त वाली राजनीतिक छवि एक ओर जहां मुस्लिम-यादव (एमवाई) समीकरण को उनसे जोड़े हुए है, जबकि इसकी प्रतिक्रिया में वो सवर्ण वोट भी उनसे छिटक गया, जो कभी मुख्यमंत्री और जदयू नेता नीतीश कुमार को राजनीतिक सबक सिखाने के लिए राजद और तेजस्वी यादव से जुड़ने की कोशिश किया था। लेकिन जैसे ही तेजस्वी यादव, नीतीश कुमार के आशीर्वाद से एक नहीं बल्कि दो-दो बार बिहार के उपमुख्यमंत्री बने, तो वो युवा जनाधार भी उनसे छिटक गया।

इस बात का खुलासा तब हुआ जब लोकसभा चुनाव 2024 और बिहार विधानसभा उपचुनाव 2024 में %इंडिया गठबंधन% का बिहार में सूबाई इंजन बने रहने के बावजूद राजद प्रमुख तेजस्वी यादव अपनी वह राजनीतिक सफलता नहीं दोहरा पाए, जैसा कि उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में या उससे पहले प्रदर्शित किया था। बता दें कि बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से महज 9 सीट ही इंडिया गठबंधन जीत सकी, जिसमें राजद को 4, कांग्रेस को तीन और भाकपा माले को दो सीटें मिलीं थीं। यह लोकसभा चुनाव 2019 के मुकाबले राजद का बेहतर परफॉर्मेंस है, लेकिन बिहार विधानसभा चुनाव 2020 के मुकाबले काफी निराशाजनक, क्योंकि तब राजद राज्य की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के तौर पर उभरा था।

वहीं, बिहार विधानसभा उपचुनाव 2024 में 4 सीटों में से एक भी सीट राजद या उसके इंडिया गठबंधन को नहीं मिली। जबकि पड़ोसी राज्य यूपी




में इंडिया गठबंधन की सूबाई इंजन सपा ने 80 में से 43 (सपा- 37 और कांग्रेस- 6) सीटें जीतकर बीजेपी को 50 प्रतिशत से अधिक सीटों पर जबरदस्त मात दी थी और यूपी विधानसभा उपचुनाव 2024 में भी 9 में से 2 सीटें जीतने में कामयाब रही। इससे तेजस्वी यादव का बिहार में चिंतित होना स्वाभाविक है। क्योंकि अब इंडिया गठबंधन की हवा निकल चुकी है और उसमें कांग्रेस के नेतृत्व पर भी सवाल उठ रहे हैं। इसलिए बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान तेजस्वी यादव को अपनी सियासी साख बचाने के लिए न केवल कड़ी राजनीतिक मशक्कत करनी पड़ेगी, बल्कि सियासी सूझबूझ भी नए सिरे से दिखानी होगी, जिसके आसार बहुत कम हैं।

इसलिए अब यह कहा जाने लगा है कि भाजपा के सम्राट चौधरी दांव पर तेजस्वी यादव चारो खाने चित्त हो गए हैं। जहां लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी वाले %इंडिया गठबंधन% यानी समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठजोड़ की हासिल उपलब्धि की तरह को बिहार में कुछ खास नहीं कर पाए, वहीं बिहार विधानसभा उपचुनाव 2024 में उससे भी बुरा सियासी प्रदर्शन किया, जिससे अब उनके नेतृत्व पर ही सवाल उठने लगे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि लालू प्रसाद यादव जैसे रघुवंश प्रसाद सिंह या जगतानंद सिंह जैसे कद्दावर नेताओं की दूसरी कतार की तरह राजद में अपने मुकाबले कोई दूसरी कतार बनने ही नहीं दिया, जिसका अब उन्हें राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, लालू प्रसाद जैसे भाजपा में सुशील मोदी जैसा बैकडोर शुभचिंतक रखते थे, कोई वैसा दूसरा हमउम्र शुभचिंतक पैदा करने में भी तेजस्वी यादव सर्वथा विफल रहे हैं!

कहना न होगा कि आज %तेजस्वी यादव% और %सम्राट चौधरी% महज व्यक्ति नहीं, बल्कि विचार बन चुके हैं। तेजस्वी यादव जहां %सेक्यूलर जमात% की तरफदारी कर रहे हैं, वहीं सम्राट चौधरी अपने धर्मनिरपेक्ष मिजाज के बावजूद %प्रबल हिंदुत्व% के समर्थकों की एकमात्र उम्मीद बनकर उभरे हैं और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की तरह दबंगई पूर्वक अपनी बात रखते हैं। यही वजह है कि पहले उन्हें बीजेपी ने मंत्री बनाया, फिर प्रदेश अध्यक्ष बनने का मौका दिया और उसके बाद सीधे उपमुख्यमंत्री बना दिया। वहीं, सम्राट चौधरी के बढ़ते सियासी ग्राफ का सेंसेक्स इस बात का संकेत दे रहा है कि भविष्य में तीसरी पीढ़ी के भाजपा नेताओं से जब प्रदेश में ओबीसी मुख्यमंत्री या फिर देश में ओबीसी प्रधानमंत्री बनाने की बात छिड़ेगी तो सम्राट चौधरी के नामों को खारिज करना इसलिए भी कठिन हो जाएगा, क्योंकि पूर्वी भारत में वो एकमात्र ऐसे भाजपा नेता हैं जिन्हें न केवल पीएम नरेंद्र मोदी और एचएम अमित शाह पसंद करते हैं, बल्कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी उनके सियासी अंदाज को तवज्जो देते हैं।

यह बात मैं इसलिए बता रहा हूँ ताकि बिहारवासी यह समझ सकें कि सियासत एक चक्रब्युह है, जिसे अमूमन तलाश किसी अभिमन्यु की रहती है, लेकिन समकालीन अर्जुन वह गलतियां नहीं दुहराता, जो महाभारत काल में दुहराई जा चुकी हैं। आज लालू प्रसाद और शकुनी चौधरी जैसे सियासी धुरंधर पग-पग पर अपने पुत्रों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। आपको पता होगा कि बिहार की राजनीति को लगभग 15 वर्षों तक (1990-2005) अपने हिसाब से हांकने वाले पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के तेजस्वी पुत्र तेजस्वी यादव हैं, जबकि उस दौर में भी लालू प्रसाद को कड़ी सियासी चुनौती देने वाले उनकी ही सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री शकुनी चौधरी के यशस्वी पुत्र सम्राट चौधरी हैं, जो बिहार के सबसे कम उम्र के मंत्री बनने का रिकॉर्ड स्थापित कर चुके हैं। यह उनके राजनीतिक सूझबूझ का ही तकाजा है कि आज वो कुशवाहा नेता उपेंद्र कुशवाहा को काफी पीछे छोड़ चुके हैं, जो उनके पिता शकुनी चौधरी के प्रबल राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी समझे जाते थे।

बिहार की राजनीति में सम्राट चौधरी जितना फूंक-फूंक कर सियासी कदम उठा रहे हैं, उससे साफ पता चलता है कि अपने स्वर्णिम राजनीतिक भविष्य के लिए वह कोई जोखिम मोल लेना नहीं चाहते हैं। वहीं, पटना से लेकर दिल्ली तक जिस तरह से अपने शुभचिंतकों से जुड़े दिखाई प्रतीत होते हैं, उससे उनके प्रतिस्पर्धी नेता भी खुन्नस खा रहे हैं। हाल ही में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के शपथ ग्रहण समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उनकी असरदार मौजूदगी भी दिल्ली के राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बनी हुई है।

राजनीतिक लोग बता रहे हैं कि कभी नीतीश कुमार को सियासी आईना दिखाने वाले सम्राट चौधरी अब परिस्थितिवश जितना बेहतर तालमेल प्रदर्शित कर रहे हैं, उसका इशारा भी साफ है कि नीतीश कुमार का राजनीतिक सूर्य अस्त होते ही सम्राट चौधरी उस सियासी शून्य को भरकर बिहार भाजपा को वह राजनीतिक ऊर्जा प्रदान करेंगे, जो उसे इन दिनों यूपी से महाराष्ट्र तक मिल रही है। ऐसा तभी संभव होगा, जब तेजस्वी यादव को बिहार विधान सभा चुनाव 2025 में एक और शिकस्त मिलेगी। टीम भाजपा अभी अपने इसी मिशन में जुटी हुई है। उधर, बिहार विधानसभा चुनाव से पहले आरजेडी नेता तेजस्वी यादव पूरी तरह से सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में अपनी शेखपुरा यात्रा के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता देवेंद्र कुशवाहा से मुलाकात कर सियासी पारा हाई कर दिया है। इस मुलाकात के बाद जिले की सियासत गर्म हो गई है, क्योंकि कुशवाहा ने कहा कि उन्होंने पंचायत की समस्याओं को लेकर तेजस्वी से मुलाकात की।

## समसामयिक

# संभल की मस्जिद में मंदिर होने का सबूत है, 'बाबरनामा' और 'आईने-ए-अकबरी'

मंदिरों के पुरातत्व अंशों व अवशेषों पर खोजी अभियानों ने सामाजिक सौहार्द पूरी तरह बिगाड़ दिया है। संभल में जो हुआ, वो सभी के सामने है। कईयों की जाने चली गई। वहां की मस्जिद में 'हरिहर मंदिर' होने के दावे पर कोर्ट की अनुमति से सर्वे करने पहुंची टीम पर हमला और जमकर पथराव हुआ। हालात अभी भी नाजुक बनें हुए हैं। दरअसल, ये सर्वे 8 हिंदू पक्षकारों की याचिका पर कोर्ट के आदेश से हुआ है जिसकी पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन कर रहे हैं। सर्वे से क्या कुछ होगा हासिल? क्या सच में मस्जिद के भीतर से निकलेंगे मंदिर के अवशेष और वजूद? जैसे तमाम प्रश्नों के जवाब डॉ रमेश ठाकुर ने अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन से जानने की करी कोशिश।

प्रश्नः मस्जिदों-दरगाहों की जगह प्राचीन काल में मंदिर थे, ऐसा दावा हिंदू पक्षकार किन साक्ष्यों के आधार पर करते हैं?

सभी साक्ष्य लॉजिकल और हकीकत से लबरेज हैं। 'बाबरनामा' के पेज संख्या-687 में लिखा है कि संभल में मंदिर को मस्जिद में कैसे तब्दील किया गया था। मस्जिद का निर्माण बाबर के सेवक मीर बेग ने 1529 में करवाया था। इसके अलावा 'आईने-ए-अकबरी' के पेज संख्या-281 में भी साफ जिक्र है कि कैसे 'हरि मंडल मंदिर' को मस्जिद बनाया गया। वहीं, एक और साक्ष्य जो सन 1879 की एएसआई की रिपोर्ट से उभरा है जिसमें मंदिर होने के तमाम सारे सबूत मिलते हैं। उनकी रिपोर्ट बताती है कि मस्जिद के खंबे मंदिर आकृति के बने हुए थे। संभल छोटे-छोटे टापुओं में बिखरा था। पूरा इलाका आज भी डॉ. रमेश ठाकुर की गवाही देता है।

प्रश्नः मस्जिदों में मंदिर खोजने वाली मुहिम से आखिर हासिल क्या होगा?

पहले से इसे मुहिम तो कतई न कहें, काले अध्याय से झूठ का पर्दा उठाने वाला अभियान कहें, तो बेहतर होगा। भारत सनातनी धरती की परंपरा है। विदेशियों ने आकर यहां आक्रमण किया, हमारी संस्कृति को तहस-नहस किया, मंदिरों को तोड़ा और जबरन मस्जिदों का निर्माण करवाया। इस हकीकत को सभी जानते हुए भी, अनजान बने हुए हैं। मैं तो कोर्ट की प्रत्येक जिरह में खुलकर कहता हूं कि डर नहीं है तो होने दीजिए बिना विरोध के सर्वे। अगर मंदिरों



के पुरातत्व किस्से मस्जिदों से नहीं निकलते, तो हम खुद पीछे हट जाएंगे। सर्वे टीमों का विरोध बताता है कि 'दाल में कुछ काला' है। सर्वे से एक बात और निकलकर सामने आ रही है कि आखिर भारत में आने वाले समय में होने क्या वाला है? विदेशी ताकतें भारत को हर हाल में इस्लामिक देश बनाने पर तुली हैं। उनके नक्शेकदम पर कुछ लोग चल भी पड़े हैं।

प्रश्नः आपकी लड़ाई अदालती कम, धर्म युद्व वाली ज्यादा दिखती है?

देखिए, मैं वकील की हैसियत से अपना कार्य कर रहा हूं। कोई कुछ भी समझे, मुझे फर्क नहीं पड़ता? जहां तक आपने बात धर्मयुद्व की कही, तो इसके लिए किसी को निमंत्रण नहीं दिया जाता, जिसका जमीर जागेगा और खुद को जिंदा महसूस होगा, वह स्वंय इस लड़ाई में कूद पड़ेगा। हम आप जैसे पत्रकारों से भी ऐसी ही उम्मीद करते हैं, आएं साथ और सहेजे अपनी धरोहरें। यही वक्त है, जब सभी सनातनियों को तिरंगा ध्वज लेकर घरों से निकलना चाहिए। हमें अपने वजूद को फिर से जिंदा करना है, जिन्होंने कभी हमसे हमारा कुछ छीना था, उसे ब्याज सहित हासिल करने का समय आया हुआ है। ऐसा सुनहरा अवसर फिर कभी नहीं आएगा।

प्रश्नः ऐसी मस्जिद जहां दशकों से नमाज पढ़ी जा रही हो, वहां सनातनी अध्याय भला कैसे हो सकता है?

नमाज पढ़ने से कोई जगह मस्जिद नहीं हो जाती? देश की बड़ी-बड़ी जामा मस्जिदें कभी मंदिर हुआ करती थीं। बाबर, शाहजहां, मुगलों ने और उनके पूर्व के लोगों ने इन्हीं जगहों को चुन चुन कर कभी निशाना बना था। वो मुक्त कराने का अब वक्त आ गया है। मैंने कोर्ट में तथ्यात्मक एविडेंस और साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं कि संभल की मस्जिद कैसे मंदिर हुआ करती थी। ज्ञानवापी पर जिरह के वक्त भी मैंने कहा था कि वहां हमारे आराध्य भगवान महादेव के 12 ज्योतिर्लिंग में से एक है, जो सर्वे में सच साबित हुए। संभल में भी ऐसा ही तस्वीर उभरेगी।

प्रश्नः संभल मस्जिद को लेकर आखिर विवाद उपजा क्यां?

सभी जानते भगवान विष्णु अपना अगला अवतार कल्कि भगवान के रूप में लेंगे। संभल का पुराना नाम 'संभलापुर' होता था। रही बात विवाद की, तो ये सब सोची समझी साजिश का हिस्सा थी और कुछ नहीं? कानून-व्यवस्था दुरूस्त न होती, तो हालात और बिगड़ सकते थे। देखिए, संभल मस्जिद मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश जारी करते हुए पहले ही कह दिया था कि सर्वे रिपोर्ट फिलहाल सार्वजनिक नहीं होगी और उसे सील बंद लिफाफे में ही सुरक्षित रखा जाएगा। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को भी अवसर दिया था कि वो निचली अदालत के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं। बावजूद उन्होंने लीगल रेमेडी नहीं अपनाई। दरअसल, उनको सच्चाई पता है, वो नहीं चाहते सर्वे हो? ज्ञानवापी को लेकर भी उपद्रव हुआ था, बाद में सभी शांत हुए, संभ्झल में भी वैसा ही होगा। सर्वे रिपोर्ट जब सार्वजनिक होगी, वो भी तल्ख हकीकत से वाकिफ हो जाएंगे। मस्जिद कमेटी और मुस्लिम पक्ष के पास याचिका दायर करने की पूरी स्वतंत्रता है। कोर्ट जा सकते थे, उनका मामला भी लिस्टेड होता। पर, उन्होंने रुचि ही नहीं दिखाई?

मंदिरों के पुरातत्व अंशों व अवशेषों पर खोजी अभियानों ने सामाजिक सौहार्द पूरी तरह बिगाड़ दिया है। संभल में जो हुआ, वो सभी के सामने है। कईयों की जाने चली गईं। वहां की मस्जिद में 'हरिहर मंदिर' होने के दावे पर कोर्ट की अनुमति से सर्वे करने पहुंची टीम पर हमला और जमकर पथराव हुआ। हालात अभी भी नाजुक बनें हुए हैं। दरअसल, ये सर्वे 8 हिंदू पक्षकारों की याचिका पर कोर्ट के आदेश से हुआ है जिसकी पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन कर रहे हैं। सर्वे से क्या कुछ होगा हासिल? क्या सच में मस्जिद के भीतर से निकलेंगे मंदिर के अवशेष और वजूद? जैसे तमाम प्रश्नों के जवाब डॉ रमेश ठाकुर ने अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन से जानने की करी कोशिश।

## शख्सियत

# पंजाब के सबसे युवा CM थे प्रकाश सिंह बादल, गांव के सरपंच से शुरू किया था राजनीतिक सफर



08 दिसंबर को पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल का जन्म हुआ था। पांच बार पंजाब के मुख्यमंत्री रह चुके थे। राजनीति में होने के बाद भी वह साफ-सुथरी छवि वाले नेता कहे जाते थे। प्रकाश सिंह बादल को कई बार अलग-अलग कारणों से जेल यात्रा भी करनी पड़ी थी। वहीं पंजाब की राजनीति में सक्रिय रहने से पहले वह गांव के सरपंच और बाद में लंबी ब्लॉक समिति के अध्यक्ष थे। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर पंजाब के पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म और परिवार

दक्षिण-पश्चिम पंजाब गांव में 08 दिसंबर 1927 को प्रकाश सिंह बादल का जन्म हुआ था। साल 1959 में बादल ने सुरिंदर कौर से शादी की थी। प्रकाश सिंह बादल का एक बेटा और बेटी है। उनके बेटे सुखबीर सिंह बादल पंजाब के जलालाबाद से विधायक रहे और वह पंजाब के उप-मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं।

### राजनीतिक सफर

साल 1947 से प्रकाश सिंह बादल ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत की थी। पंजाब की राजनीति में सक्रिय होने से पहले बादल गांव के सरपंच और बाद में लंबी ब्लॉक समिति के अध्यक्ष थे। साल 1957 में उन्होंने पहली बार शिरोमणि अकाली दल के टिकट पर विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। इसके बाद साल 1969 में फिर से वह जीते और इस बार उनको पंचायती राज, सामुदायिक विकास, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्री का कार्यभार संभाला।

### साफ-सुथरी छवि के नेता थे बादल

बता दें कि प्रकाश सिंह बादल साफ-सुथरी छवि वाले नेता थे। उन पर कोई भी आपराधिक मुकदमा नहीं था। लेकिन वह एक-दो बार नहीं बल्कि कई बार जेल गए थे। दरअसल, जब देश की तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया, तो प्रकाश सिंह बादल ने भी इसका विरोध किया। साल 1975 से 1977 के दौरान बादल को कई बार जेल जाना पड़ा था। वहीं 80 के दशक में पंजाब से हरियाणा नदियों का पानी डायवर्ट करने के विरोध में भी वह जेल गए थे। इसके अलावा एक बार संविधान की कॉपी फाड़ने की वजह से भी प्रकाश सिंह बादल को जेल जाना पड़ा था। हालांकि बाद में देश के संविधान का अपमान करने की वजह से उन्होंने माफी मांग ली थी।

### सबसे कम उम्र के मुख्यमंत्री

अपने चार कार्यकालों के लिए प्रकाश सिंह बादल ने पंजाब के मुख्यमंत्री के तौर पर कार्य किया। साल 1970 में वह सबसे कम उम्र के सीएम बने थे। फिर बाद में उन्होंने विपक्ष में भी अहम भूमिका निभाई थी। साल 1972, 1980 और 2002 में वह विपक्ष के नेता थे। इसके अलावा जब मोरारजी देसाई देश के प्रधानमंत्री थे, तब भी प्रकाश सिंह बादल सांसद चुने गए।

### निधन

वहीं 25 अप्रैल 2023 में कैंसर के कारण लंबी बीमारी के बाद प्रकाश सिंह बादल का निधन हो गया था।



# तुम क्या हो में रोमांस करेंगे जॉन अब्राहम और संजीदा शेख

अभिनेता जॉन अब्राहम और अभिनेत्री संजीदा शेख एक साथ स्क्रीन साझा करने वाले हैं। जी हां, इन बॉलीवुड सितारों का नया गाना तुम क्या हो जल्द ही रिलीज होने वाला है। इस एल्बम के रिलीज की घोषणा खुद अंकित तिवारी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर की है।

### अरिजीत सिंह ने गया गाना

इस एल्बम को केवल अंकित तिवारी ही नहीं अरिजीत सिंह ने भी आवाज दी है। सोशल मीडिया पोस्ट पर अंकित तिवारी ने बताया कि अरिजीत भी उनके साथ इस एल्बम में गाने के लिए तैयार हो गए।

### अंकित तिवारी ने पोस्ट पर कहा

गायक अंकित तिवारी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट साझा कर अपने नए गाने की घोषणा की है। उन्होंने पोस्ट पर लिखा, इंडस्ट्री में मेरे दोस्त जॉन अब्राहम और संजीदा शेख जल्द ही एक एल्बम में नजर आने वाले हैं। तुम क्या हो गाना कल रिलीज होने वाला है। इस गाने को अरिजीत सिंह ने मेरे साथ गाने के लिए हामी भरी। भगवान वाकई बहुत दयालु है। अब आपको तय करना है कि हमें कितना प्यार देना है।

### प्रशंसकों ने दिया ऐसा रिएक्शन

इस पोस्ट पर अंकित तिवारी और अरिजीत सिंह के साथ ही जॉन अब्राहम और संजीदा शेख के प्रशंसकों ने अपनी उत्सुकता जाहिर की है। एक यूजर ने लिखा, अंकित भाई इसका इंतजार है। एक अन्य यूजर ने लिखा, सर बहुत ज्यादा उत्साहित हूं। आप अरिजीत सिंह के साथ और भी गाने रिकॉर्ड कीजिए। एक अन्य ने लिखा, इस नए हिट का इंतजार है। बता दें, इस गाने के लिरिक्स अभेंद्र कुमार उपाध्याय ने लिखे हैं। इस गाने को सरमन जैन और प्रीत राजपूत ने निर्देशित किया है।





# भारत की सबसे चर्चित अभिनेत्री बनीं तृप्ति डिमरी, दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट को भी दी मात

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी साल 2024 में आईएमडीबी की लिस्ट में भारत की सबसे चर्चित सितारों में शामिल हो गई हैं। तृप्ति न सिर्फ इस लिस्ट में शामिल हुई हैं बल्कि नंबर वन सितारा भी बन गई हैं। लिस्ट में दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान का भी नाम शामिल है। इस लिस्ट से तृप्ति डिमरी का शानदार काम और चर्चा देख अभिनेत्री के फैंस उत्साहित हैं। फिल्म एनिमल की लोकप्रियता के बाद से तृप्ति डिमरी चर्चा में रही हैं। इस साल तृप्ति की कई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हो चुकी है। इसमें बैड न्यूज, विक्की विद्या का वो वाला वीडियो और भूल भुलैया 3 शामिल है।

तृप्ति डिमरी ने कहा, आईएमडीबी की 2024 की सबसे लोकप्रिय भारतीय सितारों की सूची में नंबर वन पर आना सच में बहुत बड़ा सम्मान है। मेरे प्रशंसकों के सहयोग से मुझे ये सौभाग्य मिला है। अच्छी फिल्मों में काम करने से लेकर भूल भुलैया 3 के साथ 2024 को खत्म करने तक, यह मेरे लिए एक यादगार साल रहा है। मैं आगे क्या होता है, इसका इंतजार कर रही हू क्योंकि मैं इस इंडस्ट्री का हिस्सा बनी रहूंगी।

### लिस्ट में ऐसा है सितारों का स्थान

आईएमडीबी की 2024 की इस लिस्ट में पहले स्थान पर तृप्ति डिमरी हैं। दूसरे स्थान पर दीपिका पादुकोण हैं। तीसरे स्थान पर ईशान खट्टर हैं। चौथे स्थान पर शाहरुख खान हैं। पांचवें स्थान पर शोभिता धूलिपाला हैं। लिस्ट में छठा स्थान मिला है शरवरी को। सातवें नंबर पर हैं ऐश्वर्या राय बच्चन। आठवें नंबर पर सामंथा को रखा गया है। नौवें नंबर पर आलिया भट्ट हैं और दसवें नंबर पर प्रभास को रखा गया है।

### शाहरुख खान की नहीं आई फिल्म

इस साल शाहरुख खान की एक भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं आई, इसलिए वे लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं। शाहरुख खान इन दिनों कई इवेंट्स में शामिल हो रहे हैं। वहीं, अगले साल अपनी बेटी सुहाना खान के साथ फिल्म किंग में नजर आने वाले हैं।



# फिल्म में आंखों की गुस्ताखियां में शनाया कपूर नजर आएंगे विक्रांत मैसी

अभिनेता विक्रांत मैसी ने सोशल मीडिया पर सिनेमा से ब्रेक की बात कही। इस बात के खुलासे के बाद विक्रांत को लेकर हर तरफ चर्चा होने लगी। लोगों को ऐसा लगा कि उन्होंने फिल्मी दुनिया से संन्यास ले लिया है। इस बीच उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू की है।



### साल 2025 में आएंगी दो फिल्में

विक्रांत मैसी की दो फिल्में साल 2025 में आने वाली हैं। एक फिल्म का टाइटल है आंखों की गुस्ताखियां। इस फिल्म में विक्रांत मैसी के साथ शनाया कपूर नजर आने वाली हैं। फिल्म की शूटिंग अभी बाकी है। इस बीच ही अभिनेता ने अपने ब्रेक की घोषणा कर दी। विक्रांत ने इस ब्रेक पर जाने से पहले बचे हुए कामों को खत्म करने के लिए देहरादून जाकर शूटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने पोस्ट पर लिखा, आखिरी दो फिल्में ऐसी बात कह कर उन्होंने सिनेमा से ब्रेक लेने की बात कही।

### स्वास्थ्य पर देना चाहता हूं ध्यान

विक्रांत ने कहा, एक्टिंग ही है जो मैं कर सकता हू, इससे ही मुझे सब कुछ मिल सकता है। मेरी शारीरिक और मानसिक हालत फिलहाल ठीक नहीं है, इसलिए मैं थोड़ा ब्रेक लेना चाहता हूं। मैं थोड़ा बेहतर करना चाहता हूं। मेरी पोस्ट को गलत समझा गया कि मैं फिल्मों से रिटायर लेना चाहता हूं। मैं अपने परिवार और स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए कुछ समय लेना चाहता हूं।

इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक नोट में उन्होंने लिखा, पिछले कुछ साल और उससे पहले का समय अद्भुत रहा है। मैं आप सभी का धन्यवाद करता हू, जिन्होंने मुझे हमेशा समर्थन दिया, लेकिन जैसे ही मैं आगे बढ़ा तो मुझे यह एहसास हुआ कि एक पति, पिता, बेटे और एक अभिनेता के रूप में भी अब खुद को पुन: संरेखित करने और घर लौटने का समय आ गया है।

# नितेश तिवारी की रामायण का लक्ष्मण बने रवि दुबे

अभिनेता रवि दुबे ने अपने प्रशंसकों को खुशखबरी सुनाई है। अभिनेता ने बताया है कि वह नितेश तिवारी की आगामी पौराणिक फिल्म रामायण का हिस्सा बन गए हैं। इतना ही नही रवि ने फिल्म में अपने किरदार से भी पर्दा उठा दिया है। रणबीर कपूर और साई पल्लवी की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म में रवि लक्ष्मण का किरदार निभाएंगे। नितेश की रामायण आने वाले वर्षों की सबसे प्रतीक्षित हिंदी फिल्मों में से एक है।

एक हालिया इंटरव्यू में रवि दुबे ने फिल्म में अपनी भागीदारी का खुलासा किया और रणबीर कपूर के साथ काम करने के बारे में खुलकर बात की। रामायण में अपनी भूमिका की पुष्टि करते हुए दुबे ने कहा, मैं फिल्म में लक्ष्मण का किरदार निभा रहा हूं। आखिरकार मुझे इसका खुलासा करने के लिए निर्माताओं से अनुमति मिल गई है।

### खुलासा कर बढ़ाया उत्साह

रवि दुबे ने कहा, मैंने इतने समय तक इस बारे में बात नहीं की क्योंकि मैं गैर-जिम्मेदाराना बयान नही देना चाहता था और नमित (मल्होत्रा) और नितेश सर की कलाकारों का खुलासा करने की योजना को बर्बाद नहीं करना चाहता था। उन्होंने आगे कहा, लक्ष्मण का किरदार निभाना एक सम्मान और जिम्मेदारी है। अपने भाई राम के प्रति उनकी भक्ति और उनके मूल्य ऐसे गुण हैं जिनकी मैं गहराई से प्रशंसा करता हूं।

रवि दुबे ने रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने को लेकर कहा, वह दयालु हैं, गर्मजोशी से भरे हैं, वह सबसे बेदाग पेशेवर हैं जिनसे मैं कभी मिला हूं। मैं रणबीर कपूर जैसे मेगास्टार के साथ पहली बार काम कर रहा हूं। वह सभी के प्रति दयालुता, सहानुभूति और इज्जत रखते हैं। इससे पहले, कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने खुलासा किया था कि लक्ष्मण का किरदार निभाने के लिए सही अभिनेता ढूंढना मुश्किल था।



# अर्जुन बोले-फ्रेंचाइजी फिल्मों को बनाना आसान काम नहीं

अर्जुन कपूर लंबे समय से एक अदद हिट फिल्म के लिए तरस रहे थे, ऐसे में उन्हें मल्टीस्टारर फिल्म 'सिंघम अगेन' से काफी उम्मीद थी। अजय देवगन की इस फ्रेंचाइजी फिल्म में अर्जुन कपूर विलेन के रोल में नजर आए। फिल्म में उनके अभिनय को जरूर सराहा गया लेकिन 'सिंघम अगेन' को मनचाही सफलता नहीं मिली। हाल ही में अर्जुन कपूर ने फ्रेंचाइजी फिल्मों को लगातार बनाए जाने और उनके सफल-असफल होने पर बात की।

हाल ही में अर्जुन कपूर ने एक इंटरव्यू में कहा कि फ्रेंचाइजी फिल्म को बनाना मुश्किल काम है। वह कहते हैं, 'हिट फ्रेंचाइजी बनाना आसान नहीं है। ऐसी बहुत सी फिल्में रही, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म नहीं किया। लेकिन इसके लिए हमें माफी मांगने की जरूरत नहीं है। हमें तो खुश होना चाहिए कि दर्शक अलग-अलग तरह की फिल्में देखना चाहते हैं। ऐसे में हमें नई तरह की फिल्में और सिनेमा भी तैयार करना चाहिए।

### फिल्म एनिमल-जवान को सराहा

अर्जुन कपूर ने अपने इंटरव्यू में शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' और रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' की काफी तारीफ की। वह कहते हैं कि एनिमल और जवान की सफलता से पता चलता है कि फ्रेश स्टोरी दर्शकों को पसंद आ रही हैं। 'एनिमल' और 'जवान' एक्शन फिल्में जरूर थी लेकिन इनकी कहानी में एक नयापन देखने को मिला था, जो दर्शकों को काफी पसंद आया।

### नो एंट्री 2 का हिस्सा बनेंगे

अगले साल अर्जुन कपूर फिल्म 'नो एंट्री 2' में नजर आएंगे। यह सलमान खान की फिल्म 'नो एंट्री' का सीक्वल है। इसमें उनके साथ कुछ नामी बॉलीवुड एक्टर भी अहम रोल करते हुए नजर आएंगे।

### ब्रेकअप के बाद हो गए अकेले

फिल्मों से हटकर अर्जुन कपूर के निजी जीवन के बारे में बात की जाए तो उनका ब्रेकअप फेज चल रहा है। कुछ समय पहले ही उन्होंने अपने फैंस को बताया था कि वह ब्रेकअप के बाद अकेले हो गए हैं। अर्जुन कपूर कई सालों तक मलाइका अरोड़ा के साथ रिलेशनशिप में रहे हैं। अब इन दोनों का ब्रेकअप हो गया है।






# अजय देवगन की रेड 2 ही बनी दे दे प्यार दे 2 में देरी की वजह

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। बीते दिन अभिनेता की बहुप्रतीक्षित फिल्म रेड 2 की नई रिलीज डेट का एलान किया है। अभिनेता की यह फिल्म पहले अगले साल फरवरी में रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसमें देरी हुई और निर्माताओं ने इसकी रिलीज की तारीख को स्थगित कर आगे खिसका दिया। वहीं, अब अभिनेता की दूसरी फिल्म की रिलीज डेट को भी अब आगे खिसकाया जाएगा।

### रेड 2 की रिलीज में बदलाव

दरअसल, रेड 2 की तरह ही अजय देवगन की एक और बहुप्रतीक्षित फिल्म दे दे प्यार दे 2 की रिलीज की तारीख को आगे खिसकाया जा रहा है। इसकी वजह रेड 2 ही है। दरअसल, दे दे प्यार दे 2 पहले 1 मई, 2025 को रिलीज होने वाली ही थी, लेकिन बीते दिन मंगलवार को अभिनेता ने आधिकारिक तौर पर 1 मई, 2025 को रेड 2 की रिलीज की घोषणा की। अब दे दे प्यार दे 2 को टकराव से बचने के लिए आगे खिसकाया जा रहा है।

### सितंबर में रिलीज होगी दे दे प्यार दे 2

रिपोर्ट्स के अनुसार, अजय देवगन की उनकी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म दे दे प्यार दे 2 को अब सितंबर की नई रिलीज डेट मिलेगी। अब यह कॉमेडी फिल्म अगले साल सितंबर में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। दे दे प्यार दे 2 की कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां पहली फिल्म खत्म हुई थी। अब इसकी आधिकारिक रिलीज डेट का इंतजार है।

### दे दे प्यार दे 2 के कलाकार

दे दे प्यार दे 2 का निर्देशन अंशुल शर्मा ने किया है। टी-सीरीज के निर्माता भूषण कुमार और कृष्ण कुमार, लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग इसका निर्माण कर रहे हैं। फिल्म में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह अपनी भूमिकाओं को दोहराएंगे। फिल्म में आर माधवन भी नजर आएंगे, जो रकुल के पिता की भूमिका निभाएंगे।

### गुमनाम नायकों की कहानी है 'रेड 2'


अजय देवगन की आगामी फिल्म 'रेड 2' आयकर विभाग के गुमनाम नायकों की कहानी बताएगी। उनकी किताबों से सच्ची घटनाएं सामने लाएगी। अजय देवगन के अलावा इस फिल्म में वाणी कपूर और रजत कपूर महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। अभिनेता रितेश देशमुख 'रेड 2' में खलनायक की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता ने किया है। सीक्वल को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक ने अपने बैनर टी-सीरीज और पैनोरमा स्टूडियोज के तहत बनाया है।

# जिंदगी की नई शुरुआत के लिए तैयार मनीषा कोइराला

फिल्म इंडस्ट्री की एवरग्रीन अभिनेत्री मनीषा कोइराला जिंदगी की नई शुरुआत के लिए तैयार हैं। अपनी नई कहानियों को हकीकत में बदलने की दिशा में अभिनेत्री ने पहला कदम उठाया। हीरामंडी- द डायमंड बाजार फेम मनीषा किताब लिखने की तैयारी में हैं, जिसकी झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर किए गए पोस्ट में दिखाई। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर मनीषा कोइराला ने कैप्शन में लिखा, मुझे अपना नया मैकबुक मिला और मैं लिखने की तैयारी में हूं। नए सफर के लिए उत्साह और घबराहट दोनों महसूस कर रही हू, लेकिन मैं इसमें डूबने के लिए और अपने सपनों को साकार करने के लिए तैयार हूं। मेरी पहली किताब 'हील्ड' लिखना आसान था क्योंकि यादें गहरी और ताजा थीं। लेकिन अब, मैं नए अनुभवों और भावनाओं को दोबारा से पन्नों पर उतारने के लिए तैयार हूं। मेरी राइटिंग जर्नी अपडेट के लिए यहां पर रखें नजर।



# परीक्षा में सफलता पाने का मूल मंत्र



**यदि तुम इस बार क्लास में फर्स्ट रैंक पर नहीं आई, तो याद रखना कि तुम्हारे सारे गिफ्ट्स कैंसल..., गोवा का ट्रिप तो कैंसल ही समझना यदि तुमने टॉप नहीं किया..., देखो बेटा कम नंबर लाकर हमारी नाक मत कटवा देना, यदि 90 प्रतिशत नहीं आए तो मनपसंद कालेज में एडमिशन नहीं मिलेगा..., ये सब एग्जाम से पहले हर पैरेंट्स को कहते हुए सुना जा सकता है, जो बच्चों में एग्जाम की टैंशन दोगुना कर देते हैं।**

वास्तव में परीक्षा की घड़ी ऐसा समय होता है, जब बच्चे हों या बड़े हर कोई घबरा जाता है। छोटे बच्चों के लिए परीक्षा किसी हौव्वे से कम नहीं होती। एक ओर पैरेंट्स की उनसे अपेक्षाएं और दूसरी ओर उनका चंचल मन, दोनों उनके लिए दुविधा का कारण बन जाते हैं। परीक्षा में जहां तनाव के कारण बच्चों का पढ़ाई में मन नहीं लगता, वहीं दूसरी ओर बच्चों के लिए परीक्षा में अच्छे अंक लाना भी मजबूरी बन जाती है।

## सफलता का मूल मंत्र

1 सबसे पहले पढ़ाई करने के लिए एक टाइम टेबल बनाएं और उसी के अनुसार अपनी पढ़ाई करें।
2 पढ़ाई करते वक्त एकाग्रता होनी बहुत जरूरी होती है। इसके लिए सुबह जल्दी उठ कर ध्यान करें, जिससे आपकी एकाग्रता बनी रहे।
3 हर रोज कोई टैस्ट पेपर बना कर एक निर्धारित समय सीमा में उसको हल करने का प्रयास करें। उसके बाद अपनी उत्तर पुस्तिका को जांच कर अपना मूल्यांकन स्वयं करें।
4 लगातार घंटों बैठ कर पढ़ाई करने से बेहतर है कुछ समय एकाग्रचित्त होकर पढ़ाई की जाए।
5 पढ़ाई के बीच बीच में दो तीन घंटे बाद एक ब्रेक अवश्य लें।
6 देर रात तक पढ़ने की अपेक्षा सुबह जल्दी उठ कर पढ़ाई करें।
7 आप चाहें तो अपने दोस्तों के साथ बैठ कर भी पढ़ाई कर सकते हैं।
8 पढ़ाई के दौरान और परीक्षा के लिए जाते समय कभी भी ऐसे नकारात्मक विचार मन में न आने दें कि जो पेपर में आएगा वह हल कर पाऊंगा या नहीं।
9 पूरे आत्मविश्वास के साथ पेपर देने जाएं। इससे पेपर हल करने में काफी मदद मिलेगी।
10 हमेशा यह सोचें कि मेहनत करके आप भी अव्वल आ सकते हैं।
11 परीक्षा में सबसे पहले पूरा प्रश्नपत्र पढ़ें और उसके बाद ही उसे हल करें। हड़बड़ी में प्रश्नपत्र हल करने की भूल न करें।
12 जिस प्रश्न को हल कर रहे हैं, उस पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित रखें। इस दौरान अन्य प्रश्नों के बारे में विचार न करें, परंतु समय का ध्यान जरूर रखें।

## न बनाएं दबाव

अपने बच्चे की क्षमता, रुचियों, इच्छा और क्लास में उसकी पोजीशन जानने की पैरेंट्स की कोई इच्छा नहीं रहती तथा बच्चे पर हर संभव तरीके से दबाव डाला जाता है, जिसके परिणामस्वरूप बच्चा बीमार भी हो सकता है तथा फेल होने पर घातक कदम तक उठा लेता है। अतः बच्चे को बिना किसी दबाव के इम्तिहान देने देना ही उसे तनाव मुक्त बनाता है।




उस पर कभी ज्यादा अंक लाने या किसी अन्य बच्चे जैसा बनने का दबाव न डालें। हर बच्चा अपने आप में विलक्षण होता है, बस उसे पहचानने की कोशिश करें। उसे आपके विवेकपूर्ण मार्गदर्शन की आवश्यकता है, इसलिए उसकी असफलताओं पर उसे धिक्कारें नहीं, बल्कि विषम परिस्थितियों में उसे संभले रहने की शिक्षा दें।

## प्रेरित करें

हर बच्चे की बुद्धि, योग्यता और दक्षता भिन्न-भिन्न होती है, इसलिए तुलना विपरीत परिणाम सामने ला सकती है। किसी बच्चे पर अधिक अंक लाने के दबाव का परिणाम अक्सर उल्टा होता है। अपने बच्चे को परीक्षा के लिए अधिक से अधिक तैयारी करने के लिए प्रेरित करना तो अच्छी बात है, परंतु उसके लिए लक्ष्य निर्धारित कर प्राप्त करने का दबाव बनाना गलत है।

इससे वह प्रेरित होने की अपेक्षा कुंठित ज्यादा होता है। यदि बच्चा पैरेंट्स की इच्छानुसार परिणाम नहीं ला पाता तो उसे प्रताड़ित न करें। इस बात का विश्वास रखें कि हर बच्चा अपने पैरेंट्स की अपेक्षाओं पर हमेशा खरा उतरने का प्रयास करता है।

## बच्चे का संबल बनें

जब वह ऐसा नहीं कर पाता तो वह खुद ही बहुत निराशा, हताशा और आत्मग्लानि महसूस करता है। इस नाजुक समय में बच्चे को पैरेंट्स से संबल की जरूरत होती है। ऐसी स्थिति में बच्चे को अपमानित करने से बचें, क्योंकि यह वह संवेदनशील स्थिति होती है कि बच्चा आत्महत्या जैसे घातक कदम तक उठा सकता है।

## बदलें दृष्टिकोण

यदि आशानुरूप परिणाम नहीं आए, तो उसे धीरज बंधाएं और समझाएं कि कोई एक परीक्षा उनके लिए उससे महत्वपूर्ण नहीं है। अभी जीवन बहुत बड़ा है और उसे खुद को सिद्ध करने के अनेक मौके मिलेंगे। अभिभावकों का यह दृष्टिकोण बच्चे को अच्छा प्रदर्शन करने को प्रेरित करेगा।

## रखें ध्यान

1 हर बच्चा किसी विशेष प्रतिभा के साथ पैदा होता है। इस बात को समझें व बच्चे को भी समझाएं।
2 अपने बच्चे को कामयाब नहीं, काबिल बनने के लिए पढ़ने को कहें।
3 उसे अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने का साधन मत समझें।
4 उसकी रुचियों और आदतों को समझते हुए उसे समझने का प्रयास करें तथा उसी के अनुरूप करियर चयन में उसका साथ दें।
5 किसी बात को उस पर थोपें नहीं, बल्कि उसे सिर्फ सुझाव दें।

# असफलता के बीच से निकलती है सफलता




किसी ने सच कहा है कि असफलता के बीच से ही सफलता का रास्ता निकलता है। यह अलग बात है कि हम असफलता के बाद ही इतना परेशान हो जाते हैं कि अगली बार कुछ भी पाने की कोशिश नहीं करते हैं। जिसके कारण हमारी सफलता का दौर शुरू होने से पहले ही बाधित हो जाता है। खास बात तो यह है कि इसी भीड़ से कुछ लोग अपने आपको हतोत्साहित नहीं करते बल्कि असफलता के बीच से ही सफलता के नए-नए आयाम ढूंढ लेते हैं। जो इस आयाम के सहार लेकर कुछ नया करने का प्रयास करते रहते हैं वे निसंदेह एक दिन कुछ खास कर जाते हैं जिसके कारण उनकी पहचान देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी नहीं, इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में सदा के लिए लिख दिए जाते हैं। हम यहां आगे बढ़ने से पहले बल्ब के आविष्कारक थामस एडिसन की एक छोटी सी घटना पर प्रकाश डालना चाहूंगा। गौर करने की बात तो यह है कि एक बार जब थामस ने बल्ब का आविष्कार किया तो लोगों ने उनसे प्रश्न किया कि-आप का प्रयोग करीब दो हजार बार फेल होने के बाद आप को अब जाकर सफलता मिली है। इसके जवाब में एडिसन ने कहा कि आपकी सोच गलत है क्योंकि मैं मेरा प्रयोग दो हजार बार फेल नहीं हुआ, बल्कि बल्ब का आविष्कार का प्रयोग दो हजार प्रयोग के बाद पूरा हुआ। इस वाक्य से बहुत ही सकारात्मक सोच की अनुभूति होती है। अगर हमारे अंदर इस तरह की सोच होगी तो हमारे बीच से हजारों की संख्या में थामस एडिसन और न्यूटन जैसे सकारात्मक और सफल व्यक्तियों का आगाज होता रहेगा।

सफल होना हर किसी के जीवन का लक्ष्य होता है। सभी लोग सफल होना चाहते हैं और उसके लिए कोशिश भी करते हैं। जिसके लिए हम अपनी लाइफ का अच्छा खासा समय उसे सजाने में लगा देते हैं। यह अलग बात है कि हमारी सफलता का अनुपात कुछ समय ज्यादा तो कुछ समय कम होता है। कुछ लोगों को सफलता ज्यादा मिलती है तो कुछ लोगों को सफलता देर से मिलती है। इसके पीछे सभी के विचार भी अलग होते हैं। इसके लिए सबके विचार भी अलग-अलग होते हैं।

## सफलता का मंत्र-

हमेशा लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा तय करें। सबसे बड़ी बात तो यह है कि अगर हम सौ प्रतिशत सफलता का लक्ष्य बनाएंगे तो कुछ हद तक तो सफलता जरूर मिलेगी। अगर हमें पूरी सफलता नहीं मिलेगी तो भी हम कुछ हद तक तो सफलता पा ही जाएंगे। सफलता के लिए जरूरी है कि हमारे अंदर आत्मविश्वास के साथ आत्मज्ञान और संयम भी हो। हमेशा सकारात्मक सोच रखें और नकारात्मक सोच को दरकिनार कर दें। हमें हमेशा अपने लक्ष्य को याद रखना चाहिए। लक्ष्य के अनुसार ही काम करना चाहिए। जहां तक संभव हो अपने आपको भ्रांतियों से बचाकर ही रखें और अपने को समय के अनुसार ही ढालें। सफलता की सभी कहानियां उसके असफलता से ही निकलती हैं। आज में जीने वाला व्यक्ति सदा, खुशहाल भविष्य का भागीदारी होता है। यहां हमारा यह बिल्कुल भी नहीं कहना है कि आज को आप पूरी तरह ऐश में बीता दें, यानी बर्बाद कर दें तो आप का भविष्य उज्ज्वल है। यहां आज में जीने का तात्पर्य बहुत ही सामान्य है कि आप आज में जीए और भविष्य के लिए तैयारियां करें, उदाहरण के तौर पर अगर हम परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो हमें वर्तमान में जी कर यानी पूरी तरह से अटेंटिव होकर अपनी पढ़ाई करनी चाहिए। इस दौरान उसे न तो नौकरी के बारे में सोचना चाहिए और न ही उसे परीक्षा के परिणाम के बारे में सोचना चाहिए। अगर वह स्टूडेंट, विभिन्न तरह के परिणामों यानी सवालों के घेरे में पड़ जाएगा तो वह वर्तमान दौर की जरूरत पढ़ाई नहीं कर पाएगा। फिर न तो परीक्षा का रिजल्ट आएगा और नही अच्छी नौकरी की उम्मीद की जा सकती है। हमें कभी भी शॉट कट फार्मूला नहीं अपनाना चाहिए। गौर करने की बात तो यह है कि शॉटकट हमेशा छोटा होता है और वह असफलता को आमंत्रित करता है। अगर गलती से सफलता मिल भी जाती है तो वह ज्यादा दिनों तक नहीं टिकती है क्योंकि वह भी शॉट कट से निकलती है तो वह भी शॉट होती है। हमे जिंदगी में फूल-प्रूफ प्लान बनाना चाहिए ताकि सफलता में कोई भी संदेह न रहे। सबसे अहम और जरूरी बात यह है कि हर किसी को अपने अंदर आत्मविश्वास और भरोसा जरूर रखना चाहिए। क्योंकि आत्मविश्वास होने पर बड़ी से बड़ी चुनौतियां बड़े ही आसानी से प्राप्त की जा सकती है। सफलता का एक अन्य जरूरी सूत्र है कि हम अपने आपको आत्मसंतुलित रखें यानी कि अपने को नियमों के अनुसार बांधकर चले। जिससे सफलता जरूर मिलती है। अपने आपको सदा इधर-उधर की बातों से दूर रखें जहां तक संभव हो जितना जरूरी हो वहीं तक लोगों से बात करे। लोगों को सदा इंटरटेन करने के बारे में न सोचे। अगर आपको लगे कि इसकी संगति आपको परेशान यानी असफलता की तरफ ले जाती है तो आपको इसका छोड़ने में देरी नही करनी चाहिए। इसी संदर्भ में किसी जानकार का वक्तव्य हम व्यक्त करना चाहेंगे कि कुसंगति से अच्छा है कि हम बिना संगति के रहें।

गौर करने की बात तो यह है कि सफलता से सदा आत्मसंतुष्टि होती है जिसका स्वाद तो बस वही समझ सकता है कि जिसने सच्चे अर्थों में सफलता प्राप्त की हो यानी जिसने अपनी लगन और मेहनत से तैयारी की हो और उसे उसी अनुपात में सफलता मिली हो। सफलता के बाद हमें नेम, फेम के साथ एक सुकून मिलता है जो बड़ा ही आरामदायक और आनंददायक होता है। लेकिन इन सब के बावजूद व्यक्ति को कभी यह नहीं भूलना चाहिए कि उसकी शुरुआत कहा से हुई थी।



# स्वयं को तरक्की की राह पर परखें


महाभारत का युद्ध कहीं बाहर नहीं, हमारे मन में ही चलता है। मन में अच्छे और बुरे विचारों की लड़ाई ही महाभारत है। यहां हमारा मन अर्जुन है और विवेक रूपी चेतना कृष्ण।

युद्ध के दौरान जब अर्जुन अपने सभी सगे संबंधियों, गुरुओं आदि को सामने देखते हैं तो उनके मन में मोह पैदा हो जाता है। उन्हें लगता है कि ये सब तो मेरे अपने हैं, मैं इनको कैसे मार सकता हूं। इससे तो अच्छा है कि मैं युद्ध ही न करूं। ऐसी बातें सोच कर दुखी अर्जुन भगवान कृष्ण की शरण में बैठ गए।

तब भगवान कृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। कहा, 'हे अर्जुन, जड़ मत बनो। यह तुम्हारे चरित्र के अनुरूप नहीं है। हृदय की तुच्छ दुर्बलता को त्यागकर युद्ध के लिए खड़े हो जाओ।'

कई बार व्यक्ति को किसी काम को करने से उसका दुर्बल मन डराता है। इस वजह से वह आगे नहीं बढ़ पाता मगर याद रखना चाहिए कि जीवन में तरक्की दुर्बलता से नहीं बल्कि मजबूत इरादों से मिलती है। दिनचर्या के हर काम को युद्ध की तरह समझना चाहिए और उसको उत्साह के साथ पूरा करना चाहिए। मन को कभी कमजोर नहीं पड़ने देना चाहिए। मन डराएगा लेकिन हमें डरना नहीं है। जीवन आगे बढ़ने के लिए है, डर कर या निराश होकर बैठ जाने के लिए नहीं।

# कैसे प्रेरित करें व्यक्ति को उन्नति व प्रगति की तरफ



प्रशंसा के द्वारा मानव हृदय जितना अधिक आकर्षित और आंदोलित होता है, उतना और किसी प्रकार नहीं होता। प्रशंसा, झूठी चापलूसी और चाटुकारिता से सर्वथा भिन्न है। सभी चाहते हैं कि हमारे गुणों को दूसरे भी परखें, सम्मान करें। प्रशंसा-प्रोत्साहन द्वारा अनेक व्यक्तियों को ऊंचा उठाने, आगे बढ़ाने में सहायक बनने का सत्प्रयोजन पूरा किया जा सकता है। इसका जादू सभी पर प्रभाव डालता है।

हो सकता है कि कोई क्रियाशील व्यक्ति आपकी प्रशंसा-प्रोत्साहन पाकर आभावों प्रतिकूलताओं के बीच भी आगे बढ़ने का साहस नए सिरे से जुटा ले और उन्नति के प्रकाशपूर्ण पथ पर चलता हुआ, एक दिन ऊंची चोटी पर जा पहुंचे। इस महान कर्म-साधना में आप भी अनायास ही पुण्य के भागीदार बन बैठेंगे।

अनेक ऐसे लोग जो व्यक्तिगत रूप से उन्नतिशील होते हैं और जिनमें योग्यता के अंकुर विद्यमान होते हैं, समीपस्थ लोगों की झिड़क, तिरस्कार, उपेक्षा के कारण दब जाते हैं। उनका मन मर जाता है और वे उसी को अपनी नियति मान बैठते हैं। उनके गुणों को परखकर प्रशंसा-प्रोत्साहन के दो शब्द उनके कानों में डालने की कंजूसी न की जाए, तो इन्हीं थोड़े शब्दों का रस ही उनके अन्तःकरण को ऊंचे स्तर की तृप्ति देता है, जिससे उनकी सारी थकान मिट जाती है, स्फूर्ति और उमंग उमड़ पड़ती है।

उन्नति के अवरुद्ध स्रोत खुल जाते हैं, अविकसित सत्प्रवृत्तियां प्रस्फुटित हो जाती हैं, छिपी योग्यताएं जाग्रत हो जाती हैं और निराशा के अंधकार में उन्हें पुनः आशा का दीपक जगमगाता दृष्टिगोचर होने लगता है। प्रशंसा के उपरांत यह परामर्श भी दिया जा सकता है कि उसमें जो थोड़ा-बहुत दोष-दुर्गुण हैं उन्हें किस प्रकार छोड़ें, अधिक प्रतिभावान बनें। यदि आप दूसरों के मुरझाए हृदयों को सींचने का, कानों की राह आत्माओं को अमृत पिलाने का धर्म-कार्य करते हैं, तो परोपकारी मेघों जैसे श्रेय के भागी हैं।

## कृषि की नई तकनीक के बारे में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



जयपुर टाइम्स

**बस्सी(निसं.)।** कानोता कस्बे के साभरिया रोड़ पर स्थित राजकीय महाविद्यालय में महिला अध्ययन केंद्र के तत्वाधान में कृषि में नई तकनीक का प्रयोग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.तौफीक हुसैन ने बताया कि इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता जेपी मीणा सहायक कृषि अधिकारी रहें। मीणा ने अपने व्याख्यान में कृषि की विभिन्न शाखों सेरीकल्चर,एपीकल्चर, हॉर्टिकल्चर,पीसी कल्चर, ड्रिप इरीगेशन जैविक खेती सहित आदि के विषय में विस्तार से बताया प्राचार्य डॉ तौफीक हुसैन ने कृषि को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा जारी की गई विभिन्न योजनाओं के विषय में बताया और विद्यार्थियों को कृषि के क्षेत्र में रोजगार करने के लिए प्रेरित किया किया और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## दो दिवसीय एस एस सी एवं एसडीएमसी प्रशिक्षण शुरुआत



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस.)** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देहलाला में सामुदायिक गतिशीलता एसडीएमसी/ एसएमसी प्रशिक्षण का शुभारंभ मां शारदे की वंदना एवं पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ। प्रधानाचार्य परसुराम ने मां शारदे का पूजन दक्ष शिक्षक कैलाश चंद शर्मा के साथ माला पहनाकर प्रारंभ किया। इसके पश्चात स्थानीय शाला प्रधानाचार्य ने उपस्थित सात विद्यालयों के सम्भागियो को सामुदायिक गतिशीलता की अवधारणा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात दक्ष शिक्षक कैलाश चन्द शर्मा ने निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 एवं राज्य नियम 2011 के बारे में उपस्थित संभागियों को समझाया। गीत के माध्यम से एसएमसी/ एसडीएमसी सदस्यों को विघालय में उनकी भूमिका एवं कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। दक्ष शिक्षक श्योजी राम मीणा ने विद्यालय में एमसी एसडीएमसी के निर्माण कार्य एवं विद्यालय की भौतिक सुविधाओं में योगदान के बारे में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य परशुराम मीना, अनीता मीणा, गंगा सहाय शर्मा, अशोक कुमार बैरवा, सहित 36 सम्भागी उपस्थित रहे।

## बलाई समाज विकास परिषद ने सौंपा ज्ञापन

### सार्वजनिक चौक को पक्का करने की की मांग



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** बलाई समाज विकास परिषद के तत्वाधान में बलाई समाज का एक शिष्टमंडल नगरपालिका पार्षद श्रवण वर्मा, त्रिलोक चंद भाटी, जितेन्द्र वर्मा, एडवोकेट अभिषेक वर्मा के नेतृत्व पूर्व विधायक निर्मल कुमावत से उनके निवास पर ज्ञापन देकर बलाई समाज सामुदायिक भवन पुराना फुलेरा बिचून रोड़ के सामने सार्वजनिक चौक को पक्का करवाने की मांग रखी । इस पर पूर्व विधायक ने शीघ्र ही चौक को पक्का करवाने का आश्वासन दिया । इस मौके पर परिषद अध्यक्ष प्रमोद कालावत, महामंत्री राम प्रसाद नारनोलिया,संयोजक सुगन चंद डोसीवाल,पूर्व अध्यक्ष मोती लाल वर्मा, पांचू लाल बरवड़, उपाध्यक्ष कुंदन मल वर्मा,अंकेक्षक कालू राम पोरवाल, संरक्षक भंवर लाल सांभरिया,सीता राम देवंदा, मूल चंद गर्वा, किशोर खारड़िया,शेखर डेनवाल, मंगल चंद पापटवाल, कन्हैया लाल गांधी, गिरिराज तंवर, कैलाश पंवार,रोहित मुंडाड़ सहित समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## फर्जी रजिस्ट्री के मामले में 2000 रूपये का ईनामी अभियुक्त गिरफ्तार

### आरोपी तीन साल से चल रहा था फरार

**फुलेरा(निसं.)।** स्थानीय पुलिस ने फर्जी इकरारनामा कर व पूर्व मे फर्जी रजिस्ट्री तैयार करने के मामले मे एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया है कि 04 सितम्बर 2024 को परिवादी नोरतमल यादव पुत्र रामचन्द्र निवासी श्योसिंहपुरा थाना फुलेरा जिला जयपुर को प्लाट न0 05 श्याम नगर फुलेरा का फर्जी इकरारनामा कर एक लाख रूपये मुल्जिम राहुल प्रजापत ने प्राप्त कर लिये एवं राहुल प्रजापत द्वारा इकरारनामा से पूर्व फर्जी रजिस्ट्री तैयार की हुई परिवादी नोरतमल यादव को दे दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया गया। प्रकरण दर्ज होने के उपरान्त ही अभियुक्त राहुल प्रजापत अपने घर से फरार हो गया, जिससे मुल्जिम को पकड़ना मुश्किल हो रहा था जिस पर मुल्जिम की गिरफ्तारी हेतु रजनीश पूनियां आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुपम मिश्रा आरपीएस वृताधिकारी वृत सांभरलेक के सुपरविजन में थानाधिकारी बाबूलाल के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा अभियुक्त राहुल प्रजापत पुत्र प्रभुदयाल प्रजापत जाति कुम्हार उम्र 30 साल निवासी कुम्हारों की ढाणी तेज्या का बास पुलिस थाना सांभरलेक जिला जयपुर ग्रामीण गिरफ्तार करने मे सफलता मिली है ।

# मंत्री गहलोत के जन्मदिवस पर फल वितरण कार्यक्रम आयोजित

## माली सैनी समाज फुलेरा ने मंत्री गहलोत के जन्मदिन को बनाया यादगार



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** राजस्थान की राजनीति में बहुत कम समय में अपनी सेवा समर्पण और श्रेष्ठ व्यक्तित्व से युवाओं के दिलो पर राज करने वाले सामाजिक न्याय ओर अधिकारिता विभाग के कैबिनेट मंत्री और वर्तमान जैतारण विधायक अविनाश गहलोत का जन्मदिन जैतारण सहित समूचे प्रदेशभर में सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में फुलेरा में भी माली सैनी समाज के तत्वाधान में अध्यक्ष तेजकरण सैनी की अध्यक्षता में मंत्री गहलोत का जन्मदिन मनाया गया। सर्वप्रथम समाज बंधुओ ने एकत्रित होकर महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर दीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात राजकीय उप जिला चिकित्सालय फुलेरा में प्रातः 11.15 बजे फलों का वितरण किया। जानकारी देते हुए संस्था के महामंत्री एडवोकेट राहुल सैनी ने बताया कि मंत्री गहलोत ने माली समाज में जन्म लेकर प्रत्येक वर्ग, किसान, गरीब , मजदूर और मातृ शक्तियों के लिए कार्य किया है। इसी वजह से साफ सुथरी छवि होने के कारण आज राजस्थान कैबिनेट में मंत्री पद को सुशोभित कर रहे है जो हमारे समाज के लिए गौरव की बात है। माली समाज अध्यक्ष तेजकरण सैनी ने कहा कि अविनाश गहलोत ने राजस्थान के प्रत्येक नागरिक के हितों के लिए अपना सर्वस्व अर्पित किया है, माली समाज फुलेरा आपके साथ हमेशा तैयार है। माली सैनी समाज के प्रबुद्धजनों और मातृ शक्तियों ने माली समाज अध्यक्ष तेजकरण सैनी के नेतृत्व में राजकीय उप जिला चिकित्सालय में उपस्थित मरीजों को फलों का वितरण किया ओर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उपस्थित मरीजों ओर उनके परिजनों ने भी मंत्री गहलोत के जन्मदिन पर खुशहाली की कामना की। गौरतलब है राजस्थान की वर्तमान भजनलाल सरकार में अविनाश गहलोत सामाजिक न्याय ओर अधिकारिता विभाग के कैबिनेट मंत्री है और ब्यावर जिले के जैतारण विधानसभा सीट से दूसरी बार विधायक है। माली समाज ने जगह जगह मंत्री गहलोत के जन्मदिवस को यादगार बनाया। इस मौके पर संस्था के कोषाध्यक्ष गणेश खडोलिया,शिक्षाविद बीसी माली,सत्यनारायण पातरिया, पिंटू गढ़वाल, बलराम सैनी, पांचुलाल सतरावला,प्रेमचंद सैनी, सुरेश सांखला, श्यामलाल सैनी सहित कई प्रबुद्धजन और मातृ शक्तियां मौजूद रही।

## अष्टम सामूहिक विवाह सम्मेलन... गणेश निमंत्रण एवं भव्य कलश यात्रा 12 दिसंबर को

जयपुर टाइम्स

**गोनेर(निसं.)।** गौड़ सनाढ्य ब्राह्मण समाज धर्मशाला एवं छात्रावास समिति गोनेर के तत्वावधान में फुलेरा दूज पर गोनेर में आयोजित होने वाले गौड़ सनाढ्य ब्राह्मण समाज के अष्टम सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु गणेश निमंत्रण एवं भव्य कलश यात्रा का आयोजन गुरुवार 12 दिसंबर को किया जायेगा।इस हेतु गोनेर स्थित गौड सनाढ्य धर्मशाला में विवाह सम्मेलन अध्यक्ष शंकर लाल शर्मा पाटन की अध्यक्षता में पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन कर दायित्व प्रदान किए गए । समिति के मीडिया संयोजक पवन जलधारी ने बताया कि 201 महिलाओं द्वारा समाज की धर्मशाला से श्री लक्ष्मी जगदीश मंदिर तक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा एवं मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रथम पूज्य को निमंत्रण दिया जाएगा। विवाह हेतु योग्य जोड़ों का पंजीकरण 12 दिसंबर से विवाह समिति के कार्यालय गौड़ सनाढ्य धर्मशाला गोनेर में प्रारंभ किया जाएगा। बैठक में विवाह सम्मेलन के राष्ट्रीय संयोजक कैलाश शर्मा चाकसू, धर्मशाला अध्यक्ष शंकर लाल धोराला, सचिव जयशंकर व्यास एडवोकेट, कोषाध्यक्ष कैलाश शर्मा कानडवास एवं उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा गौड़ ब्राह्मण धर्मशाला डिग्गी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष भंवर लाल विशुंडवाल का स्वागत अभिनंदन किया गया। बैठक में सम्मेलन के कोषाध्यक्ष गजानंद शर्मा, उपाध्यक्ष अनिल शर्मा सरपंच, रमेश पटेल, शंकर लाल चांदोत, श्रवण कुमार कादेड़ा, गौड़ सनाढ्य फाउंडेशन जयपुर अध्यक्ष सुनील शर्मा, ओमप्रकाश नारेडा, पूरणमल सिंदोली, गोविंद चुलेट, प्रेम प्रकाश शर्मा, किशन लाल सोडा बावड़ी, मुकेश धौराला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## युवा महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**विराटनगर(निसं.)।** कस्बे में स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम हेतु 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसमें 600 से अधिक युवाओं ने रजिस्ट्रेशन किया तथा 188 में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। वहीं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं एकल व समूह , लोक गायन आदि परिणाम तैयार पर प्रमाण पत्र वितरित किया गया,वही प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि शंकर लाल मीणा, स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य अनिल जेवरिया, प्रदीप शर्मा,फूलचंद मीणा ने प्रमाण पत्र वितरित किया।

## विराट टैलेंट सर्च परीक्षा को लेकर परीक्षा फॉर्म किए वितरित



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निसं.)।** प्रजापति जागृति सेवा समिति तहसील विराटनगर के सदस्यों ने विराट टैलेंट सर्च एक्जाम 2024 और भामाशाह सम्मान कार्यक्रम के लिए विभिन्न गांवों में विद्यार्थियों और समाज बंधुओं से संपर्क किया।समिति अध्यक्ष हजारी लाल ने बताया कि यह परीक्षा 29 दिसंबर 2024 को आयोजित की जाएगी।जिसमें कक्षा 10 और 12 के छात्र सम्मिलित होंगे। फॉर्म ऑनलाइन व ऑफलाइन भी लिए जा रहे है।मीडिया प्रभारी राजेश प्रजापति ने बताया कि पुरस्कार की राशि कक्षा 10 में प्रथम स्थान से पंचम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पारितोषिक रूप में क्रमशः 11000 रूपये, 5100 रूपये, 3100 रूपये, 2100 रूपये और 1100 रूपये दिए जाएंगे। कक्षा 12 के प्रत्येक संकाय में प्रथम से तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को क्रमशः 11000 रूपये, 5100रूपये और 3100 रूपये पारितोषिक रूप में दिए जाएंगे। प्रोफेसर धर्मपाल प्रजापत ने बताया कि परीक्षा के आयोजन के लिए आठ परीक्षा केंद्र बनाएं गए है। इस दौरान जागृति मंच के पदाधिकारी ने मैड, बिहाजर, तालावा, बरवाड़ा , सहित अनेकों जगह पर जनसंपर्क कर विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में इस परीक्षा में भाग लेने की अपील की है।इस दौरान पालड़ी सरपंच किशोर सिंह कुम्हार,पूर्व अध्यक्ष महेश प्रजापत,सुरेंद्र,सुभाष, सोहनलाल,राजेश सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरीय क्षेत्र (न.पा.) रींगस, जिला - सीकर (राज0)**

SR.NO.-.का.प्रा.अधि.न. क्षे. (न.पा. रींगस / 2024-25/2095 DATE- 09/12/2024

प्ररूप-10
6 नियम 6 (7) देखिए 8
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका रींगस

**लोक सूचना**

निम्न खातेदारो ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित कृषि भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्-

| क.स. | आवेदक का नाम व पता | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | खातेदार श्रीमति सुशीला देवी पत्नि सीता राम निवासी रींगस, सीकर | जिला सीकर तहसील रींगस | राजस्व ग्राम - रींगस | खसरा न. 6433/ 4793 का रकबा 0.4142 है0 | कुल किता 01 व 4142 वर्गमीटर एवं आवासीय योजना प्रयोजन |
| 2. | भागीरथ मल पुत्र मुंगाराम, एवं मुकेश कुमार पुत्र भागीरथ मल निवासी कोटडी धायलान, सीकर | जिला सीकर तहसील रींगस | राजस्व ग्राम कोटड़ी घायलान | खसरा न. 1652 / 785 का रकबा 2.9400 है0 भूमि में सें 1.6455 है. | कुल किता 01 व 16,455 वर्गमीटर एवं आवासीय योजना प्रयोजन |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 29/12-2024 को जारी की गयी ।

(पवन मीणा)
प्राधिकृत अधिकारी
नगरीय क्षेत्र (न.पा.) रींगस

**कार्यालय ग्राम पंचायत तुलसीपुरा,**
**पंचायत समिति पावटा (जयपुर)**

क्रमांक- ग्रा.पं.तु/निविदा/2024-25/39 दिनांक- 05/12/2024

**ई-निविदा सूचना 2024-25**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत तुलसीपुरा में नियम 181 के तहत सक्षम श्रेणी ए, बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड वर्ष) कार्य के लिए आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्ते एवं जी-शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN
ZJP2425WSOB 01593
ZJP2425WSOB 01594
ZJP2425WSOB 01595
ZJP2425WSOB 01596

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत तुलसीपुरा

सरपच
ग्राम पंचायत तुलसीपुरा

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सरदारशहर**

क्रमांक- 1607-11 दिनांक- 04/12/2024

**ई-निविदा सूचना सं. 13 / 2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सरदारशहर खण्ड के अन्तर्गत डीवाईडर, सीसी सड़क, नाला मय चैम्बर निर्माण कार्य हेतु कुल 04 कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर. पी.डब्ल्यू.ए.-100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है । SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2425A3156 के UBN No. निम्न प्रकार है

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2425WSOB11621 | 2 | PWD2425WSOB11622 |
| 3 | PWD2425WSOB11623 | 4 | PWD2425WSOB11624 |

DIPR/C/12501/2024

(के. सी. मीना)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड- सरदारशहर

**Office of the Executive Engineer, Public Health Engineering Department, Division Ratangarh**

No.- EE/NIT/2024-25/2493 Date: 4/12/2024

**Notice Inviting Bid**

Bid of Annual Rate Contract for Repair and rewinding of Submersible motor pump different make and Regular operation and maintenance of Pump House and various size of valves of distribution /raising mains at RWSS Deepsar under Rural sub division Ratangarh,District-Churu works are invited from interested bidders up to 16.12.2024, for other particulars/details bids may visit on the procurement portal (http://eproc. rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and P.H.E.D. department website:

UBN NIT No. : 45 PHE 242SWSRC06705.
UBN NIT No.: 46 PHE 2425WSOB06706

DIPR/C/12499/2024

(Ramkumar Chahil)
Executive Engineer
PHED Division Ratangarh

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड- सुजानगढ**

( दूरभाष संख्या 01568-221455, ई-मेल eephedsuj@rediffmail.com)

क्रमांक- अअ/जनस्वा/ निविदा / 2024-25 / 1579-79 दिनांक- 2,12,2024

**निविदा सूचना संख्या 40 से 43 / 2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में नियमानुसार प्रभावी आदेशों (समय-समय पर संशोधित) के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से मोहर बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाओं के विक्रय की अंतिम तिथि एवं प्राप्ति / खोलने की तिथि कार्य के सामने अंकित की गई है। निविदा विक्रय / प्राप्ति / खोलने के दिन अवकाश होने पर निविदाओं का विक्रय / प्राप्ति / खोलने की कार्यवाही अगले कार्य दिवस में होगी। फर्म अथवा ठेकेदार को निविदा क्रय करते समय निविदा शुल्क के साथ पंजीयन प्रमाण-पत्र, जीएसटी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। फैक्स/तार द्वारा भेजी गई निविदा मान्य नहीं होगी। निविदादाता विभागीय बेबसाईट www.sppp.raj.nic.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करके भी भिजवा सकते है, ऐसी स्थिति में धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र का शुल्क ई-ग्राम के माध्यम से ही जगा करवाना होगा। निविदा से संबंधित अन्य शर्ते इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखी जा सकती है। निविदाएं प्राप्ति की अंतिम तिथि को दोपहर 1.00 बजे तक है। प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि को दोपहर 2.00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के सम्मुख खोली जावेगी। कार्य को आवश्यकतानुसार घटाने बढाने अथवा बिना कोई कारण बताए निविदा को निरस्त करने के लिए निम्न हस्ताक्षरकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा तथा देरी से प्राप्त होने वाली निविदा के लिए विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। कोई विवाद उत्पन्न होने पर वाद चूरू न्यायालय में दायर किया जायेगा, भारत में स्थित अन्य किसी करबा या शहर में नहीं ।

| NIB No. | UBN No. |
|---|---|
| 40/2024-25 | PHE2425 WSOB06691 |
| 41/2024-25 | PHE2425 WSOB06692 |
| 42/2024-25 | PHE2425 WSOB06693 |
| 43/2024-25 | PHE2425 WSOB06697 |

DIPR/C/12489/2024

(मोनिका पूनिया)
अधिशाषी अभियन्ता,
जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड- सुजानगढ

**कार्यालय अध्यक्ष आर. एम. आर. एस. राजकीय सैटेलाईट चिकित्सालय, मोती डूंगरी रोड जयपुर**

दूरभाष नम्बर- 0141-2618889 ईमेल आई.डी. gshmdroad@gmail.com
क्रमांक- प्र.चि.अ./रा. सैटे.चिकि./टेण्डर/2024/ दिनांक

**निविदा सूचना**

राजकीय सैटेलाईट चिकित्सालय एम.डी. रोड जयपुर हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में ओ.पी.डी. स्लीप आपूर्ति के लिये मोहर बन्द बोलियां दिनांक 12.12.2024 को सायं 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है

| क. स. | पार्ट | नाम वस्तु | अनुमानित कीमत (रूपये लाखों मे) | निविदा फार्म शुल्क रूपये | धरोहर राशि | NIB NO |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A | ओ.पी.डी. स्लीप सैल्फ कार्बन (8×10×2) | 4.50 लाख | 200/- | 9000 | NIB NO MHS2425A2835 |
| | B | आई.पी.डी. रजिस्ट्रेशन फार्म | | | | UBN NO MHS2425 GSRC04097 |
| | C | लैब जॉच पर्चिया | | | | |

बोली फार्म निर्धारित शुल्क जमा कराकर कार्यालय समय में दिनांक 05.12.2024 से 11.12.2024 को दोपहर 02.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। तथा दिनांक 12.12.2024 को सांय 4.00 बजे तक कार्यालय में बोली बन्द लिफाफे में प्रस्तुत की जा सकेगी।

बोलियां दिनांक 13.12.2024 को प्रातः 11.30 बजे से उक्त क्रम में इस हेतु गठित कमेटी एवं उपस्थित बोलीदाताओं के समक्ष खोली जावेगीं ।

किसी भी बोली को बिना कारण बताऐ स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा । बोली की शर्ते बोली फार्म के साथ प्राप्त की जा सकेगी। बोली की शर्ते एवं विस्तृत विवरण राजस्थान स्टेट पोर्टल की वेबसाईट पर देखें ।

DIPR/C/12469/2024

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी
राजकीय सैटेलाईट चिकित्सालय
मोती डूंगरी रोड जयपुर ।

राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू**
(जिला परिषद परिसर, चूरू - 331001 )

E-mail :- sewdsc.churu@rajasthan.gov.in, Phone- 01562-254494

क्रमांक- एफ1 ()/अ.अ / डब्ल्यूसीडीसी / तकनिकी / 2024-25/1890 दिनांक- 03/12/24

**ई - निविदा सूचना संख्या-06/2024-25**

राजस्थान राज्यपाल महोदय की ओर से एमजेएसए 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजना क्षेत्र में एनआरएम मद के अन्तर्गत करवाये जाने वाले विभिन्न कार्य हेतु जिला चूरू में स्वीकृत कार्यों हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसरण में राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वा. एवं अभि. विभाग, सिचिंत क्षेत्र विकास एवं केन्द्रीय सरकार के अभियांत्रिकी विभाग में पंजिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा दिनांक 23.12.2024 को दोपहर 03.00 बजे तक ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण "http://sppp.rajasthan.gov.in", "http://eproc.rajasthan.gov.in" वेबसाईट पर देखा जा सकता है ।

NIB CODE :- WSC2425A0361
UBN NO :- WSC2425WSOB00759

DIPR/C/12441/2024

(महेन्द्र सिंह )
अधीक्षण अभियन्ता एवं
परियोजना प्रबंधक
वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर,
चूरू

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

चूरू, मंगलवार
10 दिसम्बर, 2024

## केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत का जन्मदिवस सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** कुचामन के स्थानीय माली-सैनी समाज द्वारा राजस्थान के केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के 43वें जन्मदिवस को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम प्रातः शाकम्भरी माता मंदिर के समीप स्थित श्री शाकम्भरी माता गौशाला में जाकर गायों को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया गया तथा मंत्री गहलोत के दीघायु एंव स्वस्थ जीवन की कामना हेतु पूजा अर्चना की गई। इस कार्यक्रम के पश्चात पदमपुरा रोड पर स्थित सम्पर्क संस्थान मूक-बधीर एवं नैत्रहीन आवासीय विद्यालय के बच्चों के हाथों से केक कटवाया गया तथा बच्चों को नाश्ता करवाया गया। कार्यक्रम संयोजक राम सैनी द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थानीय श्याम ब्लड बैंक में जाकर स्वैच्छिक रूप से 17 यूनिट रक्तदान किया गया। इस मौके पर स्थानीय माली समाज के मिठ्ठुलाल माली, महेन्द्र कुमार सैनी, मोनु सैनी, मनोज सैनी बुड़सू, राम सैनी, संजय कुमार सैनी, तरूण सैनी, ऋषभ सैनी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## मंत्री गहलोत को दी बधाई



जयपुर टाइम्स

**झुन्झुनूं(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी के युवा व जुझारू नेता, सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग केबिनेट मंत्री व झुंझुनू प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत के जन्मदिन मंगल अवसर पर उनके निज निवास पर जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया के नेतृत्व में पहुंचकर जन्म दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वास्थ्य, सुखमय जीवन व दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर युवा मोर्चा उपाध्यक्ष संजय जाखड़ भी मौजूद रहे।

## रतनशहर में मंत्री अविनाश गहलोत का जन्मदिन मनाया

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं, बगड़(निसं.)।** सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत का जन्मदिन इस बार एक विशेष और रचनात्मक तरीके से मनाया गया। झुंझुनूं जिले के माली सैनी समाज संस्था के ब्लॉक संयोजक संदीप सैनी के नेतृत्व में यह आयोजन रतनशहर स्थित कृष्ण गोशाला में हुआ। कार्यक्रम के तहत गायों को चारा और गुड़ खिलाकर गहलोत के जन्मदिन की खुशी मनाई गई। इस अवसर पर समाज के विभिन्न सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने इस नेक कार्य में भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज सेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण



और पशु कल्याण की दिशा में सकारात्मक कदम उठाना था। साथ ही, माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं की ओर से वंचित बच्चों की शिक्षा के लिए प्रगति कम्प्यूटर एंड साइंस एकेडमी की संचालिका सुनीता सैनी ने शिक्षा दान देने का संकल्प लिया, जिससे एक सभ्य और समृद्ध समाज की ओर कदम बढ़ाया जा सके। मंत्री गहलोत के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए आयोजन में भाग लेने वाले सभी व्यक्तियों ने उनके योगदान को महत्व दिया और समाज के लिए उनकी लगातार सेवा को सराहा। इस दौरान कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं महेन्द्र शास्त्री, वरिष्ठ संगठन विस्तार मंत्री दिलीप सैनी, सोशल मीडिया कोर्डिनेटर विक्रम सैनी रतनशहर, सौरभ योगी, पूर्व वार्ड पंच प्रताप सिंह सैनी, देवेन्द्र सैनी इस्लामपुर, निवेश सैनी इस्लामपुर, राहुल कुमावत, सुरेन्द्र सैनी सहित कई सम्मानित जन उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निसं.)।** झुंझुनू जिला मुख्यालय पर सोमवार को सूचना केंद्र सभागार में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो झुंझुनू की ओर से अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसीबी झुंझुनू के एएसपी इस्माइल खान ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी जनता से अपील है कि जहां भी भ्रष्ट काम हो रहा है भ्रष्ट लोक सेवकों के खिलाफ हमें सूचना दें। उन्होंने कहा कि परिवादी जब हमें सूचना करता है तो स्वयं एसीबी उसके द्वार तक पहुंचती है। वही उसका जो वाजिब काम है वह भी हम करवाते हैं, चाहे ट्रैप की कार्रवाई हो या नहीं हो। इसके लिए एक जिला स्तर पर भी समिति बनी हुई है जिसमें ऐसे मामलो का रिव्यू किया जाता है। हम ट्रैप के साथ भी हैं और ट्रैप के बाद भी हैं। ट्रैप की कार्रवाई के बाद भी हम परिवादी के काम का फॉलोअप करते हैं कि काम हुआ या नहीं। आज अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई है, साथ ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया गया है।

# कृषि मंडी में खरीद केंद्र पर भ्रष्टाचार का आरोप, एसडीएम को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के किसानों की समस्या के समाधान की मांग को लेकर संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष सांवरमल जाखड़ के नेतृत्व में किसानों ने सोमवार को सरदारशहर कृषि उपज मंडी में एमएसपी खरीद केंद्र पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कृषि मंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन देकर समाधान की मांग की हैं। ज्ञापन में बताया कि सरकारी खरीद केंद्र पर फसल पर किसानों से लिया जाने वाला कंप्यूटर कांटा से प्रति क्विंटल 2 किलो अनाज अवैध रूप से लिया जा रहा है। उसे तुरंत प्रभाव से बंद करें और वास्तविक तोल पर अनाज लिया जाए। सरकारी खरीद केंद्र पर विरोध करने वाले किसानों का अनाज नहीं तोला जा रहा है और उन्हें सुबह से शाम तक लगातार परेशान किया जाता है। सरकारी खरीद के अंदर अनाज तुलाई पर प्रति क्विंटल 400 रुपए किसान से अवैध रूप से लिए जा रहे हैं जो दंडनीय अपराध है। सरकारी खरीद केंद्र पर अनाज की गाड़ी खाली करवाने के नाम पर किसानों से अवैध रूप से 200 रुपये वसूले जा रहे हैं। जिसे बंद किया जाए।



सरकारी खरीद केंद्र पर पिकअप और ट्रैक्टर ट्रॉली खाली करवाकर वास्तविक तौर पर कांटा पर्ची को मान्य किया जाए। बोरी भरकर किसानों को परेशान नहीं किया जाए। कृषि मंडी में सरकारी खरीद केंद्र पर तुले हुए मूंग और मूंगफली का भुगतान काश्तकारों को 7 दिन के अंदर किया जाए। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हमारी समस्याओं की और जल्द ही ध्यान नहीं दिया गया तो खरीद केंद्र पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सांवरमल जाखड़, तहसील अध्यक्ष रूपचंद सारण, समुद्र नायक, सांवरमल, शंकर लाल कड़वासरा, रामपाल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## जल संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही संभव

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली का कार्य कर रही आरयूआईडीपी के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत शहर के मदरसा इस्लामिया वार्ड 37 में विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सरकार की ओर से चलाई जा रही लाभकारी विकास परियोजना के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक विकास अधिकारी विकास शर्मा ने बताया कि जल है तो कल है के बावजूद इसके जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आये हैं जल है तो कल है, जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है। जल हमें प्रकृति ने दिया है तो हमें इसका सम्मान करना चाहिए न कि इसका व्यर्थ में बर्बाद करना चाहिए। मनुष्य, जानवरों, पेड़ पौधे सभी के जीवन में जल का उपयोग होता है। जल के बिना जीवन असंभव है। पानी के संरक्षण पर बच्चों की भूमिका व नई जलप्रदाय योजना से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नई जल प्रदाय योजना से पानी पर्याप्त व पूर्ण प्रेसर के साथ व मीटरयुक्त मिलेगा। जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण प्रतिव्यक्ति के लिए उपलब्ध पेयजल की मात्रा लगातार कम हो रही है। जहाँ एक ओर पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। वही दूसरी ओर प्रदूषण और मिलावट के कारण उपयोग किए जाने वाले जल संसाधनों की गुणवत्ता तेजी से घट रही है। अगर आज हमने जल का संरक्षण नहीं किया तो आने वाली भावी पीढ़ियां स्वच्छ पानी के लिए तरस जाएगी। साथ ही बताया की फर्श को पाइप से धोने की बजाय पोछे से साफ करे, सेविंग करते वक्त नल को खुला ना छोड़े मग में पानी लेकर सेव करे। इस प्रकार की छोटी छोटी आदतों से बहुत सारा पीने वाला पानी बचाया जा सकता है जो आज की बचत और कल का भविष्य है। मदरसे के प्रिंसीपल खुर्शीद आलम ने जल के महत्व पर प्रकाश डाला। आरयूआईडीपी की ओर से इस तरह की पहल की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को इस तरह जल के प्रति जागरूक करने से छोटी उम्र से ही बच्चों में जल संरक्षण की भावना आएगी। सोशल आउटरीच टीम से अंकित जोशी, पवन सिंह व अध्यापक यकील सैयद, जावेद तागला, अली मोहम्मद, नाजम सैयद ने कार्यक्रम में भाग लेकर सहयोग किया।

## कुचामन सिटी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के तहत "परियोजना से होने वाले फायदे" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार जैन के निर्देशन और अधिशाषी अभियंता राजकुमार मीना के सहयोग से आयोजित हुआ। सामाजिक विकास विशेषज्ञ देवेंद्र सिंह ने नई जलप्रदाय योजना के लाभ बताते हुए कहा कि इससे शहरवासियों को पर्याप्त मात्रा में मीटरयुक्त



और प्रेशरयुक्त पानी मिलेगा। उन्होंने जल संरक्षण की अपील करते हुए कहा कि पानी बर्बाद न करें और इसे बचाने के लिए छोटी-छोटी आदतें अपनाएं, जैसे नल बंद रखना और बाल्टी का उपयोग करना। कैप की सविता शर्मा ने सीवरेज लाइन के लाभ समझाते हुए कहा कि इससे गंदगी और बीमारियों में कमी आएगी। सीवरेज लाइन से घरों के टॉयलेट, रसोई और बाथरूम जोड़े जाएंगे, जिससे शहर स्वच्छ और सुंदर बनेगा। स्थानीय संवेदक एलएंडटी के किशन सिंह सहित नागरिकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

## राइजिंग राजस्थान समिट का नीमकाथाना में लाइव प्रसारण



जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना(निसं.)।** राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट समिट का नीमकाथाना में भी लाइव प्रसारण हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम और पीएम के लाइव संबोधन को नीमकाथाना एसएनकेपी कॉलेज में लाइव दिखाया गया। जिला कलेक्टर शरद मेहरा के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम को देखा। कलेक्टर ने कहा कि कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इनवेस्टमेंट से राजस्थान ओर ग्रोथ करेगा और नई ऊंचाइयों की छुएगा। यहां लाखों करोड़ों के निवेश से रोजगार, इंफ्रास्ट्रक्चर व उद्योग-धंधों की संभावनाएं और बढ़ जाएगी। कलेक्टर ने बताया हाल ही में नीमकाथाना में हुई इन्वेस्टर मीट में इन्वेस्टर्स के साथ 73 एमओयू हुए हैं। जिससे नीमकाथाना जिले में 1903 करोड रुपए का इन्वेस्टमेंट होगा।

## शोर्य दिवस समारोह को लेकर बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील भानीपुरा प्रखंड की बैठक केशव प्रयोगशाला गांव हरदेसर में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक समरसता हिंदू समाज के संगठन एवं राष्ट्र धर्म संस्कृति के लिए योगदान देने के लिए युवाओं को प्रेरित किया गया। बैठक मे विशाल शौर्य दिवस कार्यक्रम आयोजित करने का लक्ष्य भी लिया गया। आगामी 13 दिसंबर को विभाग बैठक सीकर में केंद्रीय संयुक्त महामंत्री सुरेंद्र जैन का सानिध्य प्राप्त होगा। सीकर होने वाली बैठक में सरदारशहर से सैकड़ो कार्यकर्ता सीकर जाएंगे। बैठक को गजानंद विभाग मंत्री, हरीश जांगिड़ खंड बौद्धिक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रोहिताश सोनी प्रखंड मंत्री विश्व हिंदू परिषद आदि ने संबोधित किया। बैठक में प्रखंड मंत्री भानीपुरा डॉ धर्मपाल स्वामी, रामेश्वर सींवर, हंसराज जाट, मोहर सिंह, दलीप, परमेश्वर नाई, भेराराम पारीक, भगवान दास, रामकुमार स्वामी, गिरधारी स्वामी, सांवरमल नाई, धर्मवीर नायक सहित अनेक सदस्य व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** शहर के समीप गोगासर, आथुना बास में तोषावड़ परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। शिव मंदिर से शुरू होकर यात्रा कथा स्थल तक पहुंची। कथा वाचक कृष्णानंद महाराज ने श्रम का महत्व व ईश्वर की कृपा के बारे में वर्णन करते हुए बताया की प्रयास से आरंभ करके प्रसाद तक पहुंचना है। यश से आरंभ करके रस तक पहुंचना है। यश चाहोगे तो गाथा बनेगी और रस चाहोगे तो कथा बनेगी। कृष्णानंद महाराज ने बताया की वर्षा के जल की तरह ईश्वर की कृपा सब तक अवश्य पहुंचती है। भागवत कथा को सुनने मात्र से ईश्वरीय कृपा सत्तत सुलभ हो जाती है। मुख्य यजमान त्रिलोकचंद, चंदनमल तोषावड़ ने सपत्नीक व्यास पीठ का पूजन किया। आयोजन में परमेश्वर भामा, रामवतार पुरोहित, बद्रीप्रसाद तोषावड़, राजेंद्र चौमाल, शिवकुमार सोनी, सांवरमल प्रजापत, नवरत्न पारीक, बाबूलाल स्वामी, द्वारिका प्रसाद पुरोहित, आसाराम चन्दनीया, सागरमल आत्रेय, गंगाधर पांडिया, पुरुषोत्तम जोड़ा, सी. एम. पारीक, रामावतार तोषावड़, श्रवण पांडिया, गोगराज सुथार, पंकज दर्जी, जयकिशन पारीक, जीतमल पुरोहित आदि श्रोता उपस्थित रहे।

## गीता जयंती की पूर्व संध्या पर 11 दीपक अवश्य जलाएं

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** स्थानीय श्री आर्या पब्लिक स्कूल में गीता प्रचार समिति के अध्यक्ष महेश जोशी ने कहा कि 11 दिसंबर को गीता जयंती है। भाईजी हनुमान प्रसाद पोद्दार जी के नोहरे में दोपहर 12.15 से भगवद् गीता के 18 अध्यायों का संगीतमय पाठ किया जाएगा। जोशी ने कहा कि गीता हमे जीवन जीने का तरीका सिखाती हैं गीता में 18 अध्याय व 700 श्लोक है गीता अपने समय के दो सर्वश्रेष्ठ योद्धा, दार्शनिक व दो गृहस्थ जीवन में रहने वाले श्री कृष्ण व अर्जुन के बीच का संवाद है गीताजी ही विश्व का एकमात्र ऐसा ग्रंथ है जिसकी हर वर्ष जयंती मनाई जाती है जोशी ने सभी रतनगढ़वासियों से आह्वान किया की गीता जयंती की पूर्व संध्या 10 दिसंबर को 11 या 21 दीपक अवश्य जलाएं।

## व्याख्यान माला का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** लक्ष्मणगढ़ शहर के प्रतिष्ठित भगवान दास तोदी महाविद्यालय में गणित विभाग की ओर से सोमवार को एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया, जिसमें सेठ मोतीलाल पी ज़ी महाविद्यालय, झुंझुनू के गणित विषय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हर्मेंद्र मॉंडिया ने गणित विषय से संबंधित अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस दौरान महाविद्यालय के विज्ञान संकाय प्रभारी डॉ आनंद शर्मा व गणित विभाग के सह आचार्य नरेश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत अतिथियो का आभार जताया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बालेरा पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांक- ग्रा.प. बा. / 2024 - 25 / 63-68 दिनांक- 07/12/2024

### खुली - निविदा सूचना 02/2024-25

इस कार्यालय द्वारा स्वीकृत कार्यो को सम्पादित करने के लिए उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजिकृत संवेदकों सें ई-टेडर प्रर्ि या द्वारा ऑनलाईन / आफलाईन निविदाये आमंत्रित कि जाती है। उक्त निविदाएं SPPP portel पर upload कर दी गई है।

उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in or http://SPPP rajasthan.gov.in NIB ZCR2425A0644 UBN No ZCR2425SSOB01273-76 Download कर देखी जा सकती है ।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत बालेरा**
**पं. स. बीदासर (चूरू)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत बालेरां**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**



## कार्यालय ग्राम पंचायत लालगढ

### पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांक- ग्रापं लालगढ़ /2024-25/81- 85 दिनांक- 09/12/2024

### निविदा सूचना संख्या 02/2024-25

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रर्ि या के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | सार्वजनिक कब्रिस्तान की चारदिवारी निर्माण कार्य ग्राम लालगढ | 1499766 | 30000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 10.12.2024 सांय 6 बजे से 19.12.2024 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी.डी./बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 19.12.2024दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 19.12.2024दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2425A0656 UBN No ZCR2425WSOB1288 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत लालगढ**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत लालगढ**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

## संत के स्वागत को लेकर की चर्चा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर में 11 दिसम्बर की सन्तों की ओर से निकाली जा रही सनातन समरस यात्रा व सवाईभोज तीर्थ स्थल के पीठाधीश्वर सुरेशदास महाराज के प्रथमवार सुजानगढ़ आगमन को लेकर पथिक सेना कार्यालय में रात को मीटिंग का आयोजन किया गया। सभी उपस्थित लोगों ने पूज्य सुरेशदास महाराज के स्वागत व आशीर्वाद के लिए परिवार सहित प्रवास स्थल पहुंचने व आगमन पर स्वागत को लेकर चर्चा की। राष्ट्रीय राजमार्ग से पथिक सेना कार्यालय तक डीजे व पुष्पवर्षा से महाराज का स्वागत करने का निर्णय लिया गया। वहीं हर घर से एक आदमी समरसता यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में पथिक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल, समाज सेवी बाबूलाल लीलू, गोविन्द कसाना, रामावतार, जगदीश झिझड, बंशीलाल पोसवाल, श्रीचंद, कैलाश, इन्द्रचंद, गिरधारीलाल, घनश्याम रावत, प्रकाश चंद्र, आशीष, महावीर लितरिया, मांगीलाल सहित अनेक समाज बन्धु मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** चाड़वास बीदासर के बीच सड़क दुर्घटना में एक युवक के मामूली चोट लगी, जिसका बीदासर ईलाज किया गया। इस दुर्घटना में एक युवक गंभीर घायल हो गया, जिसे बीदासर से सुजानगढ़ रैफर किया गया, सुजानगढ़ पहुँचने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस और टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार और अन्य की सहायता से मोर्चरी में शव को रखवाया गया। ओमप्रकाश (35) पुत्र रूपाराम सांसी, निवासी बीदासर अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल पर चाड़वास साइड से बीदासर जा रहा था कि वाहन चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। छापर पुलिस थाने के हेड कांस्टेबल गोपाल ने सुजानगढ़ अस्पताल पहुंच कर सोमवार दिन में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## पीएम सूर्य घर योजना का शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पीएम सूर्यघर योजना का दूसरा शिविर मंगलवार को सहायक अभियंता कार्यालय में लगाया जाएगा। सहायक अभियंता अरूण मीणा ने बताया कि सोलर रूफ टोप योजना के बारे में लोगों को विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया जाएगा कि जिन उपभोक्ताओं को 3 सौ यूनिट से अधिक विद्युत खर्च है, उनको घर-घर जाकर पम्पलेट का वितरण किया गया है और सौर ऊर्जा लगाने पर सरकार की ओर से दी जाने वाले सब्सिडी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी। मीणा ने अपील की है कि मंगलवार को कार्यालय आकर अधिक से अधिक इसके लिए रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आएं।

## भक्तों की सहायतार्थ आते हैं भगवान- सारस्वत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गनोड़ा रोड़ स्थित किस्तूरनाथ महाराज की बगीची में चल रही श्रीमद भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कथा वाचक पं. बुधराम सारस्वत ने कहा कि भगवान भक्तों की सहायतार्थ स्वयं आते हैं। उन्होंने ध्रुव चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति को भक्ति के मार्ग पर अटल रहते हुए सत्य का रास्ता अपनाना चाहिए। पंडित सुशील शास्त्री ने मुख्य यजमान गोपाल प्रजापत को पूजा अर्चना करवाई। इस अवसर पर परमहंस योगी सुरजीतनाथ, किशननाथ महाराज, दुलदास महाराज आदि संतो का भी स्वागत किया गया। राजकुमार प्रजापत ने बताय कि कार्यक्रम में अनेक श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया।

## दिव्यांगों को उपलब्ध करवाई ट्राई साइकिल



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** आचार्य शांति सागर महाराज के आचार्य पद प्रतिष्ठापन शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में दिव्यांगों को ट्राई साइकिल भेंट की गई। सुजलांचल विकास मंच समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में सुमित्रा देवी काला धर्मपत्नी कंवरीलाल काला, शशि देवी काला धर्मपत्नी जितेंद्र काला, सुशीला देवी धर्मपत्नी कांति कुमार बाकलीवाल के सौजन्य से तीन ट्राई साइकिल भेंट की गई। समिति के उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद पाटनी ने बताया कि पांड्या धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में गणेशीराम झवर उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या कुसुम शर्मा के सानिध्य में दिव्यांगों को ट्राई साइकिल के साथ सामान स्वरूप कम्बल भेंट की गई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद उषा देवी बगड़ा, समिति सचिव विनीत कुमार बगड़ा, समाजसेवी लालचंद बगड़ा उपस्थित रहे।

# शहर में लगे पंडित खेमचंद प्रकाश की मूर्ति, 105 जरूरतमंदों को गर्म वस्त्रों के किट वितरित

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द् यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ एवं झंकार- नवरतन फाउंडेशन कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को राजकीय सुजानगढ नागरिक परिषद विद्यालय में जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायतार्थ गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवरतन सुराणा की प्रथम पुण्य तिथि पर उनके पुत्रों नवीन, विकास व विनीत सुराणा के सौजन्य से व क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोड़िया की प्रेरणा से आयोजित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी कमला सिंघी ने की। मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच ने अपने उदबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से संस्कारयुक्त शिक्षा प्राप्त करने का आह्वान किया। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि आयोजन के माध्यंम से सुजानगढ नागरिक परिषद विद्यालय सहित आंगनबाड़ी पाठशाला वार्ड संख्या 18, 19, 25 व 29 में अध्ययनरत 105 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर, जुराब, टोपी व हाथ के दस्तानों के किट्स उपलब्ध करवाए गए। शर्मा ने यंग्स क्लब के भावी प्रकल्पों पर भी प्रकाश डाला। शर्मा ने कहा कि अनेक शहरों में प्रशासन व नगरपरिषद की ओर से काफी सारे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है, लेकिन सुजानगढ़ में इस प्रकार का नगरपरिषद की ओर से कोई आयोजन नहीं होना काफी दुर्भाग्य की बात है। शर्मा ने कहा कि लता मंगेश्कर विश्व विख्यात सितारा है, लेकिन उनके गुरू पं. खेमचंद प्रकाश सुजानगढ़ के हैं और उनकी अब तक शहर में कोई मूर्ति नहीं लगना विडम्बनापूर्ण है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष से इस बारे में सकारात्मक कार्य करने की अपील की। यंग्स क्लब की मांग पर विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद जयश्री दाधीच ने नगरपरिषद के माध्यम से नगर के प्रख्यात संगीतकार खेमचंद्र प्रकाश की मूर्ति लगवाने व नगर परिषद की ओर से यंग्स क्लब की सहभागिता से प्रतिवर्ष नगर में सुजानगढ सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित करवाने के लिए नगर परिषद में पुरजोर मांग उठाने का आश्वासन दिया। प्राचार्य महमूद हसन ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए यंग्स क्लब का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि अजय चोरड़िया, प्राचार्या शीतल मिश्रा, साहित्यकार डॉ घनश्यामनाथ कच्छावा व स्नेहप्रभा मिश्रा ने विद्यार्थियों को प्रेरकीय संदेश देते हुए अपने विचार व्यक्त किए। बतौर विशिष्ट अतिथि मूलचंद तिवाड़ी, हाजी मोहम्मद, चंद्रप्रभा शर्मा मंचस्थ रहे। क्लब के पूर्व अध्यक्ष दानमल शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्व सुराणा के व्यक्तित्व व कृतित्व को रेखांकित किया। संचालन शिक्षक मनोज शर्मा ने किया। अतिथियों का माल्यार्पण से स्वागत योगेंद्र भोजक, रामगोपाल शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रुचि शर्मा, सुनीता, यशोदा शर्मा, शिक्षक लक्ष्मण खत्री, धनराज सिंगोदिया, रतनलाल प्रजापत, मोनिका गुर्जर, वंदना चौधरी, पूनम जांगिड़, मुन्नी स्वामी व मनोज शर्मा ने किया।

## विक्रम सिंह कोटवाद ने दिव्यांग बच्चों को किए फल वितरित

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** मधुर स्पेशल शिक्षण संस्थान में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की ओर से सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चों के साथ हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशेष विद्यालय में दिव्यांग बच्चों को फल वितरित किए गए। साथ ही विभाग की ओर से जिले में संचालित सभी छात्रावासों में पौधारोपण कर अविनाश गहलोत को जन्मदिन पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की कार्यक्रम में विभाग के उप निदेशक नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत जिले के प्रभारी मंत्री भी है। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य विक्रम सिंह कोटवाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीनदयाल सैनी, भाजपा जिला महामंत्री सीपी शर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के सूचना सहायक नरेन्द्र झोरड़, सहायक प्रशासनिक अधिकारी लाखन सिंह बीका, मधुर स्पेशल शिक्षण प्रशिक्षण संस्था की प्रधान अंजू नेहरा, संस्था के कार्मिक सुदेश, नीतु कंवर, संतोष पूनियां, संदीप जांगिड़ व प्रियंका कुल्हरी आदि उपस्थित रहे।

## बूटियां मण्डल बूथ समिति व पन्ना प्रमुख का गठन




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** संगठन पर्व के तहत बूटियां मण्डल में बूथ समिति व पन्ना प्रमुख का गठन किया गया। बूटियां मण्डल के अध्यक्ष विजय कस्वां ने बताया कि मण्डल में कार्यकर्ता उत्साह के साथ संगठन पर्व का कार्य कर रहे है। और इसी क्रम में बूथ समिति और पन्ना प्रमुख का गठन किया गया है। जिसमें सभी लोगों को उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है। भाजपा में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उन्हे भी बूथ समिति में उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष हरिसिंह ढाका, किसान मोर्चा अध्यक्ष दलिप कस्वां, महामंत्री पितराम, कड़वासर शक्ति केन्द्र प्रभारी बूथ अध्यक्ष प्रेमचन्द, हरिराम फोजी, भागुराम नायक, राजकुमार शर्मा, कृष्ण शर्मा, मुकेश, राकेश भामू, देवीलाल स्वामी, विजय सिंह, इन्द्रपुरा रणजीत सिंह, महेन्द्र सिंह, थालोड़ी खिराजाराम मिल, राजेन्द्र मील, मठौड़ी सरवन सिह, चलकोई किशन सिंह, योगेन्द्र सिंह, हरिश जांगिड़, धुर्वपाल सिंह, सरंपच भवरलाल स्वामी, लालासर इन्द्राज, सुभाष कस्वां सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट में पीएम ने किया सुमन से संवाद

## चंदन शिल्पी विनोद जांगिड़ की बनाई कलाकृति भेंट कर किया प्रधानमंत्री का स्वागत

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में सोमवार को जयपुर में आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का सीधा प्रसारण पेंशनर भवन में आयोजित कार्यक्रम में देखा गया। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला प्रमुख वंदना आर्य, प्रधान दीपचंद राहड़ सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राइजिंग राजस्थान को राजस्थान की विकास यात्रा का एक अहम दिन बताया और कहा कि पिछले दस साल में भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आने वाले कई सालों तक भारत सर्वाधिक युवाओं वाला देश रहने वाला है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की पहल राइजिंग राजस्थान से निवेशकों में उत्साह है। जब राजस्थान नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा तो भारत को भी नई ऊंचाई मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की सरकार ने थोड़े समय में जोरदार काम कर दिखाया है। उन्होंने राजस्थान की उद्योग संभावनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि भारत के खनिज भंडार का बड़ा हिस्सा राजस्थान में है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान विकसित भारत और विकसित राजस्थान के सपनों को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान अनिल अग्रवाल, कुमार मंगलम बिड़ला सहित देश के नामचीन उद्यमियों ने विचार व्यक्त किए और राइजिंग राजस्थान की चर्चा करते हुए राजस्थान के औद्योगिक परिदृश्य में आ रहे बदलाव को उत्साहजनक बताया। इस दौरान उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने अतिथियों का स्वागत किया। सहायक उद्योग आयुक्त उजाला ने आभार जताया। कार्यक्रम में ओम सारस्वत, एडीपीआर कुमार अजय, डीडीआईटी नरेश टुहानिया, अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत, श्रीराम पीपलवा, दशरथ कुमार सेन, दौलत तंवर, नरेंद्र काछवाल सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, उद्यमी मौजूद रहे। उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया ने बताया कि 10 दिसंबर मंगलवार को जयपुर में प्रवासी राजस्थानियों का कॉन्क्लेव होगा तथा 11 दिसंबर बुधवार को एमएसएमई कॉन्क्लेव होगा, जिसका सीधा प्रसारण चूरू जिला मुख्यालय स्थित पंचायत समिति सभाकक्ष में किया जाएगा।

### चूरू जिले के लिए गौरव के क्षण

जयपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चूरू जिले के लिए गौरव के अनेक क्षण आए। जिले के गांव कड़वासर की सफल उद्यमी कड़वासर की मीनाक्षी स्वयं सहायता समूह की सदस्य बीडीएसपी सुमन देवी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संवाद किया। इस दौरान सुमन देवी ने समूह की ओर से किए जा रहे कार्यों, महिलाओं की ओर से बनाए उत्पादों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चूरू के चंदन शिल्पी विनोद जांगिड़ की ओर से बनाई गई अनूठी कलाकृति चंदन की तलवार भेंट कर उनका स्वागत किया।

## वन विहार विकास समिति के पदाधिकारी व भामाशाहों का स्वागत



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** वन विहार विकास समिति के पदाधिकारी व भामाशाहों का चूरू नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया के मुख्य अतिथि व किसना राम बाबल अध्यक्ष की अध्यक्षता में स्वागत किया गया। भामाशाह गोविंद महनसरिया, सोहनलाल रणवा सोहनलाल फगेड़िया बबीता जाखड़ को सोल व  साफा पहनाकर स्वागत किया गया। नए पदाधिकारी किसना राम बाबल, मदन महर्षि, असगर खान जोइया, मानक जाखड़, जतिन शर्मा, जसवंत सिंह, ओमप्रकाश व पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह ओला व त्रिलोक शर्मा का भी शॉल व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश शर्मा, रामचंद्र जांगिड़, भागीरथ खीचड़, सांवरमल बुडानिया, लिछू राम राव, शब्बीर खान, चिमनाराम चाहर, राजेंद्र बुडानिया, अमर सिंह दनेवा, शौकत खान, सुरेंद्र शर्मा, शिव भगवान भाटी, कमल सोनी, सुगनाराम कस्वा, भंवर सिंह राजवीर, महेंद्र ढाका सहित उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम सफल संचालन मनोज शर्मा योगाचार्य ने किया।

## चोरी का खुलासा करने पर पुलिस का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निसं.)।** शहर की सबसे बड़ी चोरी प्रकरण का 9 दिनों में खुलासा करने पर शहर के विभिन्न व्यापार संघों के पदाधिकारियों ने खुशी जताते हुए सोमवार की दोपहर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का स्वागत किया। इस दौरान एसपी जय यादव ने उपस्थित व्यापारियों को पूरी घटना की जानकारी देते हुए शीघ्र ही दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने व सामान की रिकवरी करने का शीघ्र ही आश्वासन दिया। खुदरा व्यापार संघ के अध्यक्ष जयप्रकाश इंदौरिया, कोषाध्यक्ष दीपक मुरारका, कपड़ा व्यापार संघ के अध्यक्ष कालूराम धर्ड़, रेडीमेड हौजियारी व्यापार संघ के महेंद्र इंदौरिया, श्रीमैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार सभा के अध्यक्ष पवन तोषावड़, फूटवियर संघ के पूर्व अध्यक्ष निरंजन ताम्रायत, ट्रेड एसोसिएशन के लक्ष्मीनारायण बणसिया, रेवंतराम मूंड, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोषकुमार इंदौरिया आदि लोगों ने एसपी यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतपालसिंह, डीवाईएसपी रतनगढ़ अनिलकुमार, सादुलपुर सीओ निश्चयप्रसाद एम, सीआई दिलीपसिंह आदि का माला व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

## आमजन की शिकायत पर पहुंची खाद्य सुरक्षा टीम, सैंपल लिए

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)।** कस्बे में माली समाज की बाड़ी के सामने चल रहे मनोरंजन मेले में खाद्य पदार्थ की स्टालों की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा टीम मौके पर पहुंची और खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मवीर ने बताया कि आमजन की शिकायत पर मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी मनोज शर्मा के निर्देशानुसार सोमवार को राजलदेसर कस्बे में माली समाज बाड़ी के सामने चल रहे मनोरंजन मेले में लगी स्थायी खाद्य पदार्थ की दुकानो पर शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत आमजन की शिकायत पर चार सैम्पल लिए गए। इनको जांच के लिए भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

अंतरराज्यीय गैंग का पर्दाफाश

# ज्वैलरी शॉप से जेवरात व नकदी चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निसं.)।** कस्बे के मुख्य बाजार में 1 दिसम्बर को ज्वैलरी शाप में हुए करोड़ों के जेवरात और नगदी चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस वारदात को अंतर्राज्यीय गैंग ने अंजाम दिया था। जिसके तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी का खुलासा करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव आईपीएस ने बताया कि एक दिसंबर को परिवादी छगनलाल सोनी, आर0बी0 ज्वैलर्स शॉप, रतनगढ़ ने हाजिर थाना होकर अपनी ज्वैलर्स की दुकान में चोरी होने के सम्बन्ध में एक रिपोर्ट इस आश्य की पेश की थी कि 1 दिसंबर को छगनलाल सोनी आर बी ज्वैलर्स सुबह करीब आठ बजे हमने दुकान पर आकर दुकान को खोला तो देखा कि मेरी दुकान के अन्दर का सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा है। दुकान के अन्दर गैलरी में खुलने वाला शटर खुला हुआ था, दुकान के अन्दर की कोटरी का दरवाजा का ताला टूटा हुआ मिला। अन्दर रखी दो तिजोरियों में से एक तिजोरी का ताला भी टुटा हुआ था। दुकान का सामान संभाला तो उसमें करीब 950 ग्राम (नी सो पचास ग्राम) सोने के जेवरात व करीब दी सी किलो (200 किलो) चाँदी के जेवरात व बर्तन गायब मिले तथा 17 लाख रूपए नकद गायब मिले। इस पर रिपोर्ट पर मुन471/2024 धारा 305 (क), 331(4) बी.एन.एस दर्ज कर अनुसंधान दिलीप सिंह पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी रतनगढ़ ने प्रारम्भ किया।

### तीसरी नजर बनी मददगार

मामले की गंभीरता को देखते हुए उक्त घटना की सूचना थानाधिकारी दिलीप सिंह पुनि को मिलने पर तुरना थानाधिकारी रतनगढ़ मय स्टॉफ घटना स्थल दुकान आरबी ज्वैर्ल्स एण्ड सन्स पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया । मौका पर मन जय यादव, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, जिला चूरू ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। एमओबी टीम, एफएसएल टीम, साईबर टीम व जीएसटी टीम चूरू को तुरन्त बुलवाया जाकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया और आवश्यक साक्ष्य संकलन किए गए। दिनेश कुमार, अति. पुलिस अधीक्षक, सुजानगढ़, सतपालसिंह आरपीएस, अति. पुलिस अधीक्षक, त्वरित अनुसंधान सैल चूरू, अनिल कुमार आरपीएस, वृताधिकारी रतनगढ़, निश्चय प्रसाद एम. (आईपीएस) सहायक पुलिस अधीक्षक, वृत राजगढ़ ने भी घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। घटना के आस पास के सीसीटीवी फुटेज चेक किए। निश्चय प्रसाद एम (आईपीएस) सहायक पुलिस अधीक्षक, वृत राजगढ व दिलीप सिंह पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी रतनगढ़ के नेतृत्व में वांछित्तो की तलाश के लिए टीम का गठन किया गया।सीसीटीवी फुटेज चैक करने पर वारदात में काम में ली गई संदिग्ध ईरटिगा गाड़ी व मुल्जिमान की तलाश के लिए थाना व जिला स्तर पर टीमों का गठन किया गया। गठित टीम ने रतनगढ़ के सभी दिशाओं में कस्बा से बाहर निकलने वाले सभी रास्तों पर सीसीटीवी फुटेज चैक कर संदिग्ध कार के जाने के बारे में खोजबीन की।थानाधिकारी पुलिस थाना रतनगढ़ दिलीप सिंह पुलिस निरीक्षक मय टीम ने संदिग्ध कार को मार्ग का सीसीटीवी फुटेज से पीछा करते हुए ईलाका रतनगढ, राजलदेसर, परसनेउ, आलसर, वढेरू, बीदासर दूंकर, रूपेली, गोपालपुरा, डूंगर बालाजी, दूगर चौराहा, जसवंतगढ़ बाईपास, लाडनू, बाकलिया, सांवराद स्टैण्ड छोटी छापरी खुर्द, दौलतपुरा, मौलासर से गुजरने वाले सडक मार्गों पर स्थित दुकानों, होटल, पैट्रोल पम्प, मकानों और शराब ठेकों पर लगे प्रत्येक सीसीटीवी कैमरे चैक करते हुए कुचामन पहुंचे। उक्त स्थानों के सीसीटीवी कैमरों में प्रकरण की संदिग्ध इरटिंगा गाडी बरंग सिल्वर रतनगढ़ से कुचामन तक उक्त रूट से होती हुई कुचामन शहर में प्रवेश करना ज्ञात हुआ। संदिग्ध मार्ग पर लगे प्रत्येक सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। मार्ग में मिलने वाले ग्रामीणों, रेस्टोरेन्ट, होटल पर उक्त संदिग्ध गाड़ी के बारे में लोगो से जानकारी हासिल की गई। बीटीएस डाटा संकलन किये गये। सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन व तकनीकी सहायता से कार के कुचामन शहर में होने की पूर्णतया संभावना पर कुचामन शहर में बस स्टैण्ड नगरपरिषद कुचामन बाईपास के शराब ठेके पर, भोमिया सर्विस व भोमिया सर्किल से आगे घरों के सीसीटीवी कैमरे चैक किए।उक्त सीसीटीवी कैमरों को चेक कर सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखने से रतनगढ़ से कुचामन तक आई हुई संदिग्ध ईरटिना गाड़ी कुचामन शहर की आशियाना कॉलोनी में होने की सूचना पर थानाधिकारी रतनगढ़ मय टीम, राजगढ़ टीम ने उक्त ईर्टिगा गाडी बरंग सिल्वर नम्बर डीएल सी क्यू 2030 का पीछा किया, उसमें बैठे तीन व्यक्ति गाड़ी जो भागने लगे, जो संदिग्ध लगने पर थानाधिकारी रतनगढ़ दिलीप सिंह पुनि मय हमराही जाप्ता व पुलिस टीमों के पीछा कर उक्त तीनों व्यक्तियों को काबू किया जाकर नाम पता पूछा तो एक ने अपना नाम भागीरथ पुत्र लालाराम बावरी उम्र 42 साल निवासी बनारसीदास पर्छया मौहल्ला, औरैया जिला औरैया (उत्तरप्रदेश), दूसरे शक्स ने अपना नाम अजयसिंह पुत्र गोनिसिंह बावरी उम्र 48 साल निवासी प्लाट नम्बर 7ए. मेहता नगर कालवाड़ रोड़ झोटवाड़ा, जयपुर हाल निवासी किरायेदार मकान मोहनजी खाती आशियाना कॉलोनी कुचामन व तीसरे शक्स ने अपना नाम यादराम पुत्र रामलाल बावरी उम्र 52 साल निवासी बनारसीदास पछ्या मोहल्ला औरैया जिला औरैया (उत्तरप्रदेश) होना बताया।

### इस तरह दिया वारदात को अंजाम

करीब 1 बजे गाड़ी गली में रोक दी और आरोपी गाड़ी से उतर गए। सड़क के पास से 1 व्यक्ति दीवार फांदकर बाड़े में चला गया था, उसके बाद गेट खोलकर तीनों लोगों को अपने साथ लेकर आए फोल्डिंग सीढ़ी, एक को सीधा कर लिया और सीढ़ी को दीवार के पास लगाकर कानेट बंद कर लिया। उस बाड़े में फोल्डिंग सीढ़ी प्रथा से उतरकर प्रथम मंजिल पर आ गए, जहां पर एक लकड़ी का गेट कलर की मंजिल की छत पर गेट रॉड से खोल लिया और गेट खोलकर चारों सीढ़ियों से होते हुए नीचे आए तो सीढ़ियों के दुकान के शटर तक आ गए। दुकान के शटर पर ताले लगे हुए थे। शटर के ताले तोड़ दिए और दुकान के शटर को ऊपर करके चारों दुकान में घुस गए। उस दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे। कैमरों को घुमा दिया, उसके बाद चारों ने उस दुकान में टॉर्च की रोशनी से दुकान के काउंटर में रखी डिबियों में से सोने व चांदी का सामान बेडशीट में मेरी उसके बाद दुकान में दीवार की तरफ रखी हुई लकड़ी के कपाट के खाचों में रखे हुए सोने-चांदी के जेवरात व गले में रखे हुए सोने-चांदी के जेवरात बैडशीट में भर लिए। उस दुकान के काउंटर में नकदी रूपए भी रखे हुए थे, वो रुपए भी वहां से चुरा लिए चुराए हुए सोने-चांदी के जेवरात व नगदी सारा सामान लेकर सीढ़ियों से होते हुए छत पर चले गए और उपर वाली छत पर पहले एक व्यक्ति को चढ़ाया और सोने-चांदी के जेवरात डली हुई तीनों बैडशीटों को छत पर पहुंचा दिया। उसके बाद तीनों छत पर चले गए व छत से बैडशीटों सहित पहले से रखी हुई सीढ़ी से नीचे बाड़ा में उतर गए और सोने-चांदी के जेवरात की बैडशीटों को गाड़ी में रखकर चारों गाड़ी में बैठ गए। उसके बाद पांचों रवाना होकर कुचामन चले गए थे। उक्त गैंग बहुत ही शातिर किस्म की गैंग है जो पूर्व में ज्वैलरी शॉप व अन्य प्रतिष्ठानों में चोरी व डकैती की घटना को अंजाम देने से करीब 15-20 दिन पूर्व प्रतिष्ठान की रैकी करते है और कस्बा से बाहर निकलने वाले गुप्त रास्तो व टोल नाकों की सम्पूर्ण जानकारी व तैयारी के साथ में वारदात को अंजाम देते हैं। उक्त गैंग की ओर से घटना में उपयोग में लेने पाली गाड़ी के नम्बर प्लेट बार-बार बदल लेते है व फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर छोटे रास्तो से गुजर कर वारदात को अंजाम देते है व चोरी की रैकी के अनुसार सम्पूर्ण संसाधन हथौड़ा, फोल्डींग सीबी, गैस कटट्र, चाकु इत्यादि अपने वाहन में साथ रखते है। एसपी ने बताया चोरी के प्रकरण के खुलासे में जगदीश, धन्नाराम, विक्रम डीएसटी टीम राजगढ़ की विशेष भूमिका रही।

## सरकार किसानों को दे एमएसपी गारंटी कानून- कर्नल सोनाराम



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ के भोजलाई चौराहे पर स्थित राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश कार्यालय में बाढ़मेर के पूर्व सांसद कर्नल सोनाराम चौधरी का स्वागत किया गया। प्रदेश मुख्य संयोजक धर्मेंद्र किलका के नेतृत्व में साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर कर्नल सोनाराम चौधरी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कर्नल सोनाराम चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार को जल्द से जल्द किसानों के लिए एमएसपी गारंटी कानून बनाकर लागू करना चाहिए। उन्होंने एमएसपी पर किसानों की फसल खरीद सीमा को बढाए जाने की मांग भी की। राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश मुख्य संयोजक धर्मेंद्र किलका ने कहा कि राजस्थान में किसानों की एमएसपी पर फसल खरीद की सीमा 60 दिवस से बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि किसानों की पूरी फसल बिक सके। इसी प्रकार 40 क्विंटल की फसल खरीदने की सीमा को बढ़ाकर 60 क्विंटल किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में हनुमान कीलका, अशोक किलका, हरि भामू, प्रेरणा चौधरी, मुकेश किलका, प्रतिभा किलका, जीवन गोदारा आदि ने भी कर्नल सोनाराम चौधरी का स्वागत किया।

## विभागीय गतिविधियों के क्रियान्वयन में त्वरितता, स्पष्टता व समयबद्धता बरतें- सुराणा



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में आवश्यक सेवाओं व प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने विभागीय गतिविधियों के प्रबंधन के साथ समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। अधिकारी विभागीय गतिविधियों के क्रियान्वयन में त्वरितता, स्पष्टता व समयबद्धता बरतें और आमजन को बेहतरीन सुविधाएं मुहैया करवाएं। उन्होंने प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने विभाग की ओर से संपादित की जाने वाली गतिविधियों की पूर्व तैयारी रखें। कार्यक्रमों में आमजन व जनप्रतिनिधियों की अधिकतम सहभागिता रहे। विभागीय फील्ड स्तरीय मशीनरी को एक्टिवेट रखें तथा बेहतरीन प्रबंधन के साथ गरिमापूर्ण, संजीदा व सफल कार्यक्रम क्रियान्विति सुनिश्चित करें। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे और कहा कि सभी अधिकारी सक्रियता और उत्साह के साथ कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी दिए गए दायित्वों का निष्ठा से पालन करें और व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्यक्रमों को और बेहतर बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। जिला कलक्टर ने बैठक में राज्य सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 से 15 दिसंबर तक होने वाले कार्यक्रमों को लेकर तैयारियों की समीक्षा की और सभी अधिकारियों से गतिविधियों की चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर चिकित्सा, पेयजल व्यवस्थाओं, बिजली आपूर्ति सहित आवश्यक सेवाओं की चर्चा की। इस दौरान सुजानगढ़ एडीएम मंगलाराम पूनिया, एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, एसीईओ दुर्गा ढाका, डीएफओ भवानी सिंह, एडीपीआर कुमार अजय, कृषि विभाग संयुक्त निदेशक डॉ जगदेव सिंह, सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़, डीएसओ सुरेन्द्र महला, डीआआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, सहायक निदेशक (रोजगार) वर्षा जानू, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम, महिला अधिकारिता के उपनिदेशक विप्लव न्यौला, सानिवि एक्सईएन बीएल सोनी, प्रवर्तन निरीक्षक संपत कुमार, कृष्ण कुमार, नीरज जंगिड़ आदि मौजूद रहे।

## झुंझुनूं में 6 जगह खुलेंगे उजाला क्लिनिक

### किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य संबंधित रिकॉर्ड संधारित होगा

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनू(निसं.)।** झुंझुनूं में 6 जगह खुलेंगे उजाला क्लिनिक, इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई है। झुंझुनूं समेत प्रदेश के 35 जिलों में उजाला क्लिनिक खोले जाएंगे। झुंझुनूं में 6 जगह उजाला क्लिनिक का संचालन होगा। इनमें एक जिला अस्पताल और पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शामिल है। इनमें मरीजों को कई प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इन क्लिनिक पर बीपी मशीन, स्टेथोस्कोप, वेट मशीन, थर्मामीटर, मैजरिंग टेप, टॉर्च, फ्लश लाइट, स्नेल लैंस चार्ट, हाइट चार्ट, सैनिटरी नैपकिन, गर्भनिरोधक, आईएफए, एल्बेंडाजोल, पेरासिटामोल और निश्चय किट सहित आवश्यक उपकरण और दवाएं उपलब्ध रहेंगी। किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य संबंधित रिकॉर्ड संधारित किया जाएगा। कई प्रकार के गेम्स भी खेल सकेंगे। चिकित्सा विभाग ने इनके संचालन को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। क्लिनिक में किशोर-किशोरियों के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक विकास पर भी ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा किशोरों से जुड़ी पत्र-पत्रिकाएं और गेम्स भी क्लिनिक पर उपलब्ध होंगे। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 35 जिलों के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। प्रत्येक क्लीनिक के लिए 50-50 हजार रुपए का बजट भी दिया है। उजाला क्लिनिक का संचालन ओपीडी के नजदीक अधिक मरीजों वाले चिकित्सा संस्थानों पर किया जाएगा। इनमें 10 से 19 वर्ष तक के किशोर-किशोरी लक्षित होंगे। उजाला क्लिनिकों का संचालन प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान हेल्थ काउंसलर किशोर-किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएगा और उनके मन की बात सुनकर काउंसिलिंग करेगा। इसके अलावा दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक प्रतिदिन दो घंटे मेडिकल ऑफिसर मौजूद रहेंगे।

### झुंझुनूं में यहां शुरू होंगे क्लिनिक

सीएमएचओ डॉ छोटे लाल गुर्जर ने बताया कि इनके संचालन को लेकर तैयारी चल रही है। जल्द ही राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं, सीएचसी गुढा, बिसाऊ, मंड्रेला, मुकुंदगढ़ और सूरजगढ़ में उजाला क्लिनिक खोले जाएंगे।

## नगरपालिका के खिलाफ लोगों का फूटा गुस्सा, एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** नगरपालिका की ओर से विकास कार्यों में जमकर हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायतों, पट्टा वितरण में अनियमितता को लेकर गढ़ परिसर में सोमवार को आम जनता का गुस्सा फूटने पर भाजपा कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष अरविंद इंदौरिया के नेतृत्व में एसडीएम के नाम तहसीलदार सज्जन कुमार लाटा को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय पोद्दार गेस्ट हाउस में सभा कर विरोध जताते हुए रैली के रूप में नगरपालिका प्रशासन व ईओ के विरोध में नारेबाजी करते हुए गढ़ परिसर पहुंचे। भाजपा नेता अरविंद इंदौरिया ने बताया कि पट्टा वितरण, स्पीड ब्रेकर, फेरो कवर, सफाई व्यवस्था, कचरा समतलीकरण, मुख्य गैनानी की सफाई, सड़कों की मरम्मत व उत्तरादा बाजार में पानी निकासी जैसे विकास कार्यों की निवेदाओं की आड़ में व विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धनराशि का दुरुपयोग करते हुए जमकर भ्रष्टाचार किया गया, जिसमें विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सम्मिलित रहे हैं। टेंडरों के नाम पर अनियमितता कर जमकर चांदी कूटी जा रही है, जिसकी शिकायतें लगातार शहर के जनप्रतिनिधियों की ओर से लिखित व मौखिक की गई हैं। भाजपा नेता इंदौरिया ने बताया कि हाल ही में 23 अक्टूबर, 2024 को 9 करोड रुपए के विभिन्न विकास कार्यों के लिए निविदा आहूत की गई थी, जिसमें भयंकर धांधलीबाजी की गई है, जिसकी जांच के लिए चुरू जिला कलेक्टर ने तीन सदस्यों की एक कमेटी का गठन भी किया, लेकिन आज तक उसमें भी कोई उचित कार्यवाही नहीं हो पाई है। ज्ञापन के माध्यम से टेंडर प्रक्रिया में हो रही घपलेबाजी की जांच करवाने और खुलेआम हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने व शीघ्रता शीघ्र दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही करने की मांग प्रशासन से की। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता रमेश कुमार पारीक, मोहनलाल बबेरवाल, मदनलाल सैनी, भरत सैनी, नेता प्रतिपक्ष लालचंद प्रजापत, राधेश्याम बबेरवाल, प्रकाश चंद्र पारीक, शंकरलाल कम्मा, हनुमान बारवाल, एडवोकेट मनीष शर्मा, अनुप पीपलवा, नारायण दायमा, पूरणमल गोदारा, लिखमीचंद जांगिड़, पवन तिवाड़ी, पूरणमल दादरवाल, संजय सारस्वत, राजकुमार सोनी, ओमप्रकाश जांगिड़, कैलाशचंद्र पीपलवा, मनीराम पवार, दाऊद खत्री, दल्लू सिंह लूंछ, सुधीर शर्मा, रामोतार रक्षक, पवन फुलभाटी, हेतराम प्रजापत, ओमप्रकाश सैनी, बजरंगलाल शर्मा, महेश भार्गव, रामस्वरूप भार्गव, शंकर स्वामी, कन्हैयालाल माली, सुनील जोशी, पवन सोनी, गोपाल हारित, लालचंद भगत, संजय महर्षि, दौलतराम खटीक, अय्यूब कुरैशी, सुखदेव सांखोलिया, संतोष महर्षि, मनोज प्रजापत, पार्षद रामकिशन माटोलिया, इब्राहिम गोरी, नेमीचंद हारित, संतोष कुमार जोशी, परमेश्वर प्रजापत, लीलाधर प्रजापत सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिक्षक संघ शेखावत ने मांगों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत शाखा चूरू की ओर से अधिशेष व समायोजित शिक्षकों के पदस्थापन में की गई धांधली के खिलाफ सोमवार को जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष विजय पोटलिया के नेतृत्व में शिक्षकों ने जमकर नारेबाजी की और डीईओ माध्यमिक को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान 2 घंटे तक डीईओ का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया गया। पोटलिया ने बताया कार्यालय की ओर से अधिशेष शिक्षकों के समायोजन में जमकर धांधली की गई है। प्रांतीय उपाध्यक्ष भंवरलाल कस्वां ने कहा कि राजनीति हस्तक्षेप के कारण अपने चहेतों को मनपसंद जगह पर पदस्थापन दिया गया। अगर उन शिक्षकों को न्याय नहीं दिया गया तो शिक्षक संघ शेखावत कार्यालय के आगे बेमियादी हड़ताल शुरू करेगा। जिला मंत्री वेदपाल मलिक ने बताया कि डीईईओ प्रारंभिक व डीईईओ मा. की ओर से नियम विरुद्ध जो पदस्थापन का कार्य किया गया है, जिसमें शिक्षकों के पास पंचायत में और उसके बाद नजदीक पंचायत में पद रिक्त होते हुए भी अन्यत्र जगह से लाकर उनकी जगह पदस्थापन किया गया और उन शिक्षकों को लगभग 50 से 100 किलोमीटर दूर पदस्थापित किया गया है। इस मौके पर सभी उप-शाखाओं से सैंकड़ों शिक्षक साथी उपस्थित थे। ज्ञापन में बताया कि समय रहते हुए यदि उन शिक्षकों को न्याय नहीं मिला तो शिक्षक संघ शेखावत सड़क को जाम करेगा। इस मौके पर रतन सिंह पूनिया, किशनलाल सोहू, ओमप्रकाश पूनिया, श्रीनाथ बरोड़, रणवीर सहारण, सुरेंद्र झोरड़, भंवरलाल पूनिया, महेंद्र पूनिया, अनिल लांबा, खादिम अली, गौरीशंकर सिहाग, बनवारीलाल, शिवपाल राजियासर, सुधेन्द्र जोशी, भंवरलाल सारण, संजय खीचड़, कृष्ण कुमार, उषा, कृष्णा, राजेन्द्र, हवासिंह पूनिया, रमेश सारण, शेरसिंह पूनिया, महेंद्रपाल सिहाग, पोकरमल, मुकेश कुमार, देवीलाल मीणा, कृष्ण प्रजापत, देवीलाल प्रजापत, राजपाल, मांगीलाल आदि उपस्थित रहे।

## संदर्भ अभिलेखों का विद्यार्थियों व शोधार्थियों को मिले लाभः सुराणा

### कलेक्टर ने किया सूचना जनसंपर्क कार्यालय व सूचना केंद्र का अवलोकन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को पुराने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना व जनसम्पर्क कार्यालय तथा सूचना केंद्र का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सुराणा ने कहा कि सूचना केंद्र की सुविधाओं का विद्यार्थियों, शोधार्थियों व आमजन को समुचित लाभ मिले। सूचना केंद्र में संग्रहित किए गए संदर्भ अभिलेखों के बारे में विद्यार्थियों व शोधार्थियों को जानकारी दी जाए। इसके लिए आमजन व विद्यार्थियों को सूचना केंद्र विजिट के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इसी के साथ सूचना केंद्र गतिविधियों को और अधिक व्यवस्थित करते हुए नई चीजों को जोड़ें। विशेष तौर पर विद्यार्थी वर्ग को आमंत्रित करें। उन्होंने कहा कि कार्यालय में सफाई व्यवस्था, संदर्भ रखने की व्यवस्था, रिकॉर्ड रूम, स्टोर रूम, फर्नीचर व्यवस्था को बेहतरीन प्रबंधित करें। उन्होंने कहा कि विभागीय गतिविधियों की नियमित व समयबद्ध क्रियान्विति के साथ सहगामी गतिविधियां भी आयोजित करें।

एडीपीआर कुमार अजय ने कार्यालय तथा सूचना केंद्र व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान एपीआरओ मनीष कुमार, सहायक प्रोग्रामर अभिषेक सरोवा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी रामचंद्र गोयल, वरिष्ठ सहायक मंगेज सिंह, सूचना सहायक धर्मपाल सिंह, ललित चौहान, बजरंग मीणा, संजय गोयल, विजय रक्षक, ओमप्रकाश, संदीप गढ़वाल, नरेंद्र सिंह, खालिद हुसैन सहित अधिकारी, कर्मचारी व मीडियाकर्मी मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं पंकज शर्मा , राम मंदिर पूरानी सडक चूरू -331001से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।